पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 231

ग्वालियर, बुधवार, 13 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

देश पर बड़ा बोझ बनता है एक अनपढ़ आदमी: गृह मंत्री अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि एक अनपढ़ आदमी देश पर कितना बड़ा बोझ होता है, वह न तो संविधान से मिले अपने अधिकारों को जानता है, न ही संविधान में अपने दायित्वों को जानता है। बीते रविवार को संसद टीवी को दिए एक इंटरव्यू में अमित शाह ने गुजरात मॉडल की बात की। उन्होंने कहा कि जिस तरह नरेंद्र मोदी सरकार ने गुजरात को विकास से जोड़ा वो देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा, %%गुजरात में शिक्षा को लेकर कई कार्य हुए। उसके लिए हमारी सरकार ने अभिभावकों की विशेषकर माताओं की कमेटी बनाई। मास्टरों की जिम्मेदारी तय की। प्राइमरी एजुकेशन में गुणवत्ता लाने के लिए गुणोत्सव कार्यक्रम शुरू किया और इसका बड़ा फायदा भी हुआ। अगर इसका कोई विश्लेषण करेगा तो मालूम होगा कि देश के विकास में और गुजरात के विकास में इसका कंट्रयूब्यूशन क्या हो सकता है। शिक्षा कितनी जरूरी है, इसे लेकर अमित शाह ने कहा, ÷एक अनपढ़ आदमी देश पर कितना बड़ा बोझ होता है, न वह संविधान से मिले अपने अधिकारों को जानता है, न संविधान ने हमसे जो अपेक्षा की है उन दायित्वों को जानता हैं, वो कैसे एक अच्छा नागरिक बन सकता है। इसलिए गुजरात में उन्होंने आमूलचूल परिवर्तन किए। उसी तरह शहरी विकास और ग्रामीण विकास समेत कई विभागों में बदलाव के साथ गुजरात को बदला। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी के बारे बात करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बीजेपी में आने के बाद पीएम का कालखंड तीन रूपों में कह सकते हैं। पहला संगठनात्मक रुप में, फिर वे गुजरात में मुख्यमंत्री रहे और अब राष्ट्रीय राजनीति में हैं। जब उन्हें गुजरात बीजेपी में संगठन तौर पर भेजा गया, तब बीजेपी के खस्ताहाल थे। तब मोदी जी ने 1987 से संगठन को संभाला। सबसे पहले कार्पोरेशन चुनाव में हमने रिकॉर्ड जीत हासिल की। उनके गुजरात में संगठन मंत्री बनने के एक साल के भीतर पर हम पहली बार सत्ता में आए। वो दिन है और आज तक का दिन, हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। नरेंद्र मोदी जी ने नर्मदा योजना को अंजाम तक पहुंचाया। सौनी योजना से गुजरात में पानी की किल्लत खत्म की। इस तरह नरेंद्र भाई से न केवल गुजरात बल्कि देशभर में आशा की किरण जगी।



सीएम योगी का सख्त रुख त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों पर करें कार्रवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्वों व त्योहारों की आड़ में अराजकता व अव्यवस्था फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पर्वों एवं त्योहारों पर होने वाले आयोजनों के संबंध में धर्मगुरुओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद स्थापित किया जाए। पूजा-पंडालों व रामलीला मंचन के आसपास साफ-सफाई व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं। विसर्जन मार्ग सहित अन्य सड़कें गड्ढामुक्त रहें। वह सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, बारावफात व दीपावली आदि के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजनों के दौरान महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में पहले से तैयारी कर ली जाए। नदियों के प्रदूषण को नियंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए धान की खरीद पश्चिमी यूपी में शुरू हो गई है। कमिश्नर व डीएम के स्तर पर धान क्रय केंद्रों की समीक्षा की जाए। विगत वर्ष की संख्या से अधिक क्रय केंद्र खोले जाएं और इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर लिया जाए। खरीद के लिए धनराशि की व्यवस्था कर दी गई है। बिचौलियों व आढ़तियों पर अंकुश लगाया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगे। पराली को निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में पहुंचाने से चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी और प्रदूषण पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गो-आश्रय

खास खबर

आर्यन खान को जमानत दिलाने के लिए वकील ने लगा दी दलीलों की झड़ी

मुंबई। मुंबई में विशेष नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम अदालत ने सोमवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन की जमानत याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बुधवार तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। आर्यन खान की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई बुधवार दोपहर 2.45 बजे होनी है। तब तक आर्यन को जेल में ही रहना होगा। उन्हें 3 अक्टूबर को मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया गया था। छोटी मात्रा से जुड़े उल्लंघनों के लिए कठोर कारावास की सजा हो सकती है जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इस मामले में 10,000 रुपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। याचिका में कहा गया है, ÷इस प्रकार, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की अनुसूची द्वद्व के प्रावधानों के साथ पढ़ी गई उक्त धारा वर्तमान अपराध, यदि कोई हो, को जमानती प्रकृति का बना देगी। जमानत याचिका में कहा गया है, आवेदक को तत्काल जमानत देनी चाहिए। भले ही न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध गैर-जमानती है, उक्त अधिनियम के तहत किसी भी अपराध के लिए आवेदक को आरोपित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। यह बिना किसी सबूत का मामला है।

दशहरा पर उत्तराखंड और नेपाल के लिए शुरू होंगी एसी बसें

नई दिल्ली। रोडवेज दशहरा के त्योहार पर उत्तराखंड और नेपाल के लिए एसी बसों का संचालन शुरू करने की तैयारी रहा है। उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, देरादून और नेपाल के पोखरा और महेंद्र नगर के लिए बसों का संचालन होगा। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि कोरोना काल में वॉल्वो और एसी बसों का संचालन बंद हो गया था। सभी बसे अनुबंधित चल रही थी। परिवहन में छूट मिलने के बाद दोबारा बसों का संचालन शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। अनुमति के लिए पत्र मुख्यालय भेजा गया है। मुख्यालय से आदेश आने के बाद दशहरा पर बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। सभी बसों का संचालन प्रॉफिट एंड लॉस के तर्ज पर होगा।

कांग्रेस में भी नहीं गली सिद्धू की दाल अध्यक्ष पद से इस्तीफे को स्वीकार कर सकती है पार्टी

नई दिल्ली। नवजोत सिंह सिद्धू ने हाल ही में पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, उनकी इस पेशकश पर कांग्रेस आलाकमान ने अंतिम फैसला नहीं लिया है। अब खबर आ रही है कि पार्टी सिद्धू के इस्तीफे को मंजूर कर सकती है। सिद्धू के मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी सहित अपने सहयोगियों के साथ निरंतर बिगड़ते संबंधों के कारण पार्टी जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। पार्टी उस इस्तीफे को स्वीकार कर सकती है जो सिद्धू ने कुछ दिन पहले दिया था। आपको बता दें कि उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की थी। पार्टी ने उनके सार्वजनिक इस्तीफे और बार-बार की गई टिप्पणियों को लेकर किसी तरह की दया नहीं दिखाई है। एक सूत्र ने कहा, सिद्धू द्वारा दिया गया इस्तीफा स्वीकार किया जा सकता है। पार्टी संभावित उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। हालांकि, यह अभी भी एक खुला मुद्दा है। यदि कांग्रेस वास्तव में सिद्धू को पंजाब के अध्यक्ष के रूप में हटा देती है, तो यह पिछले कुछ महीनों में राज्य की राजनीतिक घटनाओं में एक नया मोड़ होगा। आपको बता दें कि सिद्धू से लगातार मतभेद के कारण ही तत्कालीन सीएम अमरिंदर सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

उपचुनाव से पहले नेताओं की मंदिर दौड़ शुरू

कमलनाथ दादाजी धूनी वाले बाबा की शरण में

शिवराज 20 को पन्ना में करेंगे धार्मिक दौरा

भोपाल। त्योहारी मौसम में हो रहे उपचुनाव में धर्म का तड़का भी लगाया जा रहा है। वहीं प्रचार के साथ-साथ नेताओं की मंदिर दौड़ भी शुरू हो गई है। जहां प्रत्याशी रोजाना पूजा-पाठ करके चुनाव प्रचार के लिए घर से निकल रहे हैं, वहीं भाजपा और कांग्रेस के नेता प्रचार से पहले मंदिर में माथा टेक रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ मंगलवार को खंडवा में दादाजी धूनी वाले बाबा का आर्शीवाद लेकर चुनाव प्रचार में उतरे हैं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 अक्टूबर को पन्ना में धार्मिक दौरा करेंगे। प्रदेश में एक लोकसभा खंडवा और तीन विधानसभा रैगांव, जोबट, पृथ्वीपुर सीट पर उपचुनाव होना है। तय कार्यक्रम के मुताबिक 30 अक्टूबर को मतदान होगा जबकि 2 नवंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां इस उपचुनाव में अपना पूरा दम लगा रही हैं। साथ ही नेता जनता से आशीर्वाद लेने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। जाहिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तक मंदिर से लेकर आश्रमों तक दौड़ लगा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मंदिर दौड़ में पीछे नहीं हैं। शर्मा ने पार्टी के चुनाव प्रचार का आगाज ही बाबा महाकाल के दर्शन के साथ किया था। अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पन्ना में धार्मिक दौरा करेंगे। दूसरी तरफ पीसीसी चीफ कमलनाथ के चुनाव प्रचार का आगाज भी खंडवा में एक आश्रम से होगा।

कमलनाथ ने किया चुनाव प्रचार का आगाज: पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार से चुनाव प्रचार का आगाज किया। खंडवा से अपने चुनाव प्रचार का आगाज करने से पहले उन्होंने दादाजी धूनी वाले बाबा के आश्रम में दर्शन किया। उसके बाद प्रबुद्धजनों से चर्चा की और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रचार का जायजा लिया।

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया पृथ्वीपुर विधानसभा के गांवों का दौरा

चौपाल लगाकर ग्रामीणों से किया संवाद, भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

भोपाल। चिकित्सा शिक्षा व भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री व टीकमगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज पृथ्वीपुर विधानसभा के अनेक गांवों का तूफानी दौरा कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार प्रचार किया। मंत्री सारंग ने ग्राम बंधाए अचर्रा, मस्तापुर, बछौड़ा, दिगोड़ा, बर्माडंग में जन चोपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया और भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की। श्री सारंग ने जनसभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार के दौरान पृथ्वीपुर क्षेत्र का विकास रूक गया था। क्योंकि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने इन 15 माह में सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में न तो किसानों का कर्ज माफ हुआ न युवाओं का रोजगार मिला और न ही मंहगाई भत्ता मिला। जबकि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के पूर्व दस दिन में किसानों के कर्ज माफ करने का वचन दिया था। कांग्रेस के सभी वचन झूठे साबित हुये। श्री सारंग ने कहा कि आज प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पूरे प्रदेश के विकास के लिये कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना के दौरान लगे लाकडाउन में सभी लोगों की व्यापक मदद की। निरूशुल्क राशन की व्यवस्था की तथा कोरोना से बचाने के लिए फ्री में टीका भी लगवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब संपूर्ण प्रदेश का विकास चल रहा है तो उसमें पृथ्वीपुर पीछे क्यों रहे।



वन-टू-वन

कप्तान के तौर पर अंतिम मैच में अंपायर से हुई विराट की बहस, गावस्कर हुए नाराज

दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ हुए एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान कप्तान विराट कोहली की एक फैसले को लेकर मैदानी अंपायर वीरेंदर शर्मा से बहस हो गई। इस मैच में हार के साथ ही विराट का कप्तान के तौर पर आरसीबी के साथ सफर समाप्त हो गया। इस मैच में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंद केकेआर राहुल त्रिपाठी के पैड से टकरा गई। इसपर आरसीबी के खिलाड़ियों ने एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील की पर अंपायर ने राहुल को नॉट आउट करार दिया। वहीं कोहली ने विकेटकीपर से पूछा कि गेंद सीधे पैड पर लगी है या नहीं। विकेटकीपर के हां कहते ही विराट ने रिव्यू ले लिया. रिव्यू में चहल की गेंद सीधे मिडल स्टंप पर हिट करती नजर आई। रीप्ले देखते ही आरसीबी के खिलाड़ियों और कप्तान को भारोसा हो गया कि राहुल एलबीडब्ल्यू आउट हैं जिसके बाद मैदानी अंपायर वीरेंदर ने राहुल को आउट करार दे दिया। बस, फिर क्या था राहुल के पवेलियन लौटते ही विराट अंपायर के पास पहुंच गए और उनसे फैसले को लेकर बहस करने लगे।कोहली के चेहरे पर नाराजगी साफ नजर आ रही थी। दोनों के बीच काफी देर बात हुई। वहीं इस दौरान मैच में कॉमेंट्री कर रहे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट के इस व्यवहार के लिए उनकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अंपायर से इस मामले में किसी प्रकार की सफाई मांगना सही नहीं कहा जा सकता।

विराट को आईपीएल में असफल कप्तान के तौर पर याद रखेंगे: वॉन

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के आईपीएल 2021 सत्र से बाहर होने के साथ ही टीम के कप्तान विराट कोहली पर सवाल उठाये हैं। वॉन ने

कटाक्ष करते हुए है कि आरसीबी के कप्तान के रूप में विराट को इस रूप में याद रखा जाएगा कि वह एक बार भी अपनी टीम को खिताब नहीं जिता सके। आरसीबी के कप्तान के रूप में कोहली की पारी केकेआर के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में हार के साथ ही समाप्त हो गयी। इस मैच में केकेआर ने आरसीबी को 4 विकेट से हरा दिया। विराट ने पहले ही कहा था कि वह अगले सत्र में आईपीएल की कप्तानी नहीं करेंगे। वॉन ने माना कि बतौर टेस्ट कप्तान विराट की सफलता को नकारा नहीं जा सकता है। साथ ही कहा कि उन्होंने भारतीय टीम को विकसित किया है, जिसे एक शानदार उपलब्धि कहा जाएगा पर यह भी सही है कि एकदिवसीय और टी20 के अलावा रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान के रूप में वो टेस्ट के प्रदर्शन को दोहराने में नाकाम रहे हैं और काफी पीछे रह गए हैं। वॉन के अनुसार आईपीएल में एक कप्तान के तौर पर उनकी यही विरासत होगी कि वो एक बार भी टीम को खिताब नहीं जिता पाए जबकि उनके पास कई स्टार खिलाड़ी थे। ऐसे में वह खुद को आईपीएल में एक असफल कप्तान के रूप में ही देखेंगे क्योंकि उनके खेल का स्तर बहुत ऊंचा है और वो अपने को हमेशा ही जीतते हुए देखना चाहते हैं।

सोने, चांदी में आई तेजी

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के भाव में बढ़त दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर में डिलीवरी वाले सोने के भाव में 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। वहीं चांदी की कीमतें 0.02 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रही है। दिसंबर डिलीवरी वाले सोने की कीमत आज 0.19 फीसदी की की तेजी के साथ 47,141 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। वहीं आज के कारोबार में चांदी 0.02 फीसदी की हल्की बढ़ोत्तरी के साथ 60,963 रुपये पर कारोबार कर रही है। आज सोना दिसंबर वायदा एमसीएक्स पर 47,141 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर है।

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण भी अडानी समूह के पास

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण भी अब अडानी समूह को मिल गया है।अडानी समूह ने एयरपोर्ट का नियंत्रण एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) से हासिल किया।मोदी सरकार ने अडानी समूह को 50 साल के लिए यह एयरपोर्ट लीज पर दिया है। एयरपोर्ट के डायरेक्टर जेएस बलहाराने अडानी जयपुर इंटरनेशनल लिमिटेड के चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर विष्णु झा को एयरपोर्ट की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। बलहारा ने कहा कि अब जयपुर एयरपोर्ट का ऑपरेशन, मैनेजमेंट और डेवलपमेंट अडानी समूह द्वारा पीपीपी मॉडल पर होगा। गौरतलब है कि अडानी ग्रुप के पास छह एयरपोर्ट पहले से ही हैं, इसके साथ ही उसके नियंत्रण में अब सातवां एयरपोर्ट आ गया है।अरबपति कारोबारी गौतम अडानी के अडानी ग्रुप ने गत जुलाई महीने में ही मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टेकओवर पूरा किया है।अडानी ग्रुप बीते कुछ सालों से एविएशन सेक्टर में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। देश के प्रमुख एयरपोर्ट का मैनेजमेंट प्राइवेट हाथों में देने के लिए केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 में बिडिंग मंगवाई थी।

दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर का मुकाबला आज

विजेता टीम पहुंचेगी फाइनल में शाम 7:30 पर शुरू होगा मैच

शारजाह। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी जहां उसका मुकाबला चेन्नई सुपरकिंग्स से होगा। कप्तान ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स को पहले क्वालीफायर में चेन्नई सुपरकिंग्स से हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में इस मैच में उतरते समय उसपर दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर इयोन मोर्गन के नेतृत्व में केकेआर टीम अपने एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलैंजर्स पर मिली जीत से उत्साहित होने के कारण बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। दोनो ही टीमों की नजर खिताब पर लगी है, ऐसे में यह मुकबला बेहद रोमांचक होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज ओर गेंदबाज हैं। दिल्ली की टीम का प्रदर्शन आईपीएल के पहले और दूसरे चरण में अच्छा रहा है जबकि केकेआर पहले चरण में खराब प्रदर्शन के बाद दूसरे में लय हासिल कर बड़ी मुश्किल से प्लेऑफ में पहुंची है।

दिल्ली के पास एक पृथ्वी शॉ, शिखर धवन सहित एक से बढ़कर एक बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी में एनरिक नॉर्किया, अवेश खान जैसे खिलाड़ी हैं। उसकी टीम में काफी गहराई है। लीग चरण में दिल्ली की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था हालांकि खेल के इस स्तर पर आकर मैच के दिन का खेल ही मायने रखता है, इसलिए जो भी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी जीत उसे मिलेगी। रिकी पोंटिंग के कोच बनने के बाद से ही दिल्ली का प्रदर्शन बेहतर होता गया है। टीम 2019 में तीसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल फाइनल में जगह बनाने में सफल रही ओर इस बार वह खिताब जीतने पूरी ताकत लगा देगी।

दिल्ली की टीम के पास दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, श्रेयस अय्यर

के साथ ही शिमरोन हेटमायर और ऋषभ जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। धवन पिछले सत्र में 618 रन के साथ दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे जबकि मौजूदा सत्र में भी 551 रन बनाये हैं। गेंदबाजी में कागिसो रबादा और नॉर्किया की जोड़ी शानदार प्रदर्शन कर रही है। तेज गेंदबाज आवेश ने भी मौजूदा सत्र में अब तक 23 विकेट लिए हैं। दिल्ली ने टूर्नामेंट के यूएई चरण में पांच जीत दर्ज की हैं लेकिन उसने जो मैच हारे हैं उसमें केकेआर के खिलाफ हार भी शामिल है और टीम अब उस हिसाब को भी बराबर करना चाहेगी।

दिल्ली की राह मोर्गन की केकेआर टीम के सामने आसान नहीं रहेगी। केकेआर ने यूएई चरण में शानदार वापसी की है। टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स को पछाड़कर प्ले आफ में जगह बनाने में सफल रही। यूएई में दूसरे चरण में कोलकाता की टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ जीत के बाद टीम अब उसी लय को बनाये रखना चाहेगी। केकेआर के पास स्पिन अनुकूल पिच पर वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे रहस्यमयी गेंदबाज हैं जिनको खेलना दिल्ली के बल्लेबाजों के आसान नहीं रहेगा। इस सत्र में केकेआर केवल बल्लेबाजी में ही कमजोर नजर आ रही है। अब देखना होगा कि दिल्ली की टीम इसका फायदा किस प्रकार उठा पाती है। टीम के पास शुभमन गिल, वेंकटेश अय्यर और राहुल त्रिपाठी जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं पर ये अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। केकेआर को अगर फाइनल में जगह बनानी है तो इनके साथ ही कप्तान मोर्गन को भी रन बनाने होंगे।

दोनो टीमें इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स = ऋषभ पंत (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव, रिपल पटेल, शिखर धवन, शिमरोम हेटमयार, श्रेयस अय्यर, स्टीव स्मिथ, अमित मिश्रा, एनरिक नॉर्किया, अवेश खान, बेन ड्वारशुइस, इशांत शर्मा, कागिसो रबादा, कुलवंत खेजरोलिया , लुकमान मेरीवाला, प्रवीण दुबे, टॉम कुरेन, उमेश यादव, अक्षर पटेल, ललित यादव, मार्कस स्टोइनिस, रविचंद्रन अश्विन, सैम बिलिंग्स और विष्णु विनोद।

विश्व कप क्वालीफायर्स के लिए श्रीलंका के हसरंगा और चमीरा ने आईपीएल छोड़ा

दुबई। दो श्रीलंकाई क्रिकेटरों ऑलराउंडर वाहिंदु हसरंगा और तेज गेंदबाज दुशमंता चमीरा ने अगले सप्ताह होने वाले टी20 विश्व कप क्वालीफायर्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) छोड़ दिया है। श्रीलंका को विश्व कप में ग्रुप ए में रखा गया और वह क्वालीफायर्स में अपना पहला मैच 18 अक्टूबर को अबुधाबी में नामीबिया के खिलाफ खेलना है ।यह दोनो ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम में थे। दोनो के आवेदन पर आरसीबी ने भी इन दोनो को श्रीलंका टीम से जुड़ने के लिए टीम का बायो बबल (जैव सुरक्षित वातावरण) छोड़ने की अनुमति दे दी। आरसीबी ने हसरंगा और चमीरा को इस सत्र के दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया के एडम जंपा और डेनियल सैम्स की जगह टीम में रखा था।

मप्र हॉकी अकादमी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में

प्रथम हॉकी इंडिया सब जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021

ओडिशा टाटा नवल हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर से होगी खिताबी भिड़ंत

खेल मंत्री ने दी बधाई और फाइनल के लिए शुभकामनाएं

भोपाल। भोपाल में खेली जा रही प्रथम सब जूनियर बालक अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनिशप-2021 में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने अपनी विजय का सिलसिला बरकरार रखते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। चैंपियनशिप के मुकाबले साई सेंटर ग्राम गोरा स्थित टर्फ मैदान पर खेले जा रहे हैं। खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने मप्र हॉकी अकादमी की टीम को फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। प्रशिक्षक समीर दाद और पूरी टीम को फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी है।

मप्र हॉकी अकादमी ने सेमीफाइनल में एसजीपीसी हॉकी अकादमी को एकतरफा 3-1 से पराजित किया। मप्र हॉकी अकादमी की यह चैंपियनशिप में लगातार चौथी जीत भी है। मप्र हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने पहले क्वार्टर से ही आक्रामक रूख अपनाए रखा। मैच के 12वें मिनट में मप्र हॉकी अकादमी को पेनल्टी कॉर्नर मिला। सद्दाम अहमद ने इसे गोल में बदलकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। एसजीपीसी की टीम की भी जवाब मौके की तलाश में रही। हालांकि, मप्र हॉकी अकादमी की रक्षापंक्ति और गोलकीपर अमान खान ने उनके हमलों को विफल कर दिया। मैच का दूसरा क्वार्टर काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ गोल के प्रयास किए। मैच के 21वें मिनट में एसजीपीसी को बराबरी का मौका मिला। जोबन सिंह ने मैदानी गोल करते हुए मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। हालांकि, 4 मिनट में बाद ही मप्र हॉकी अकादमी को पेनल्टी कॉर्नर मिला। जमीर मोहम्मद ने कोई गलती नहीं की और गोल करते हुए टीम को 2-1 की बढ़त पर ला दिया। एसजीपीसी की टीम फिर एक बार दबाव में आ गई। मैच का तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। दोनों टीमों ने छोटे-छोटे पास के साथ आक्रामक खेल दिखाया। मैच का अंतिम क्वार्टर बेहद रोमांचक रहा। दोंनों टीमों ने खेल में तेजी के साथ एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर ताबड़तोड़ हमले किए। मैच के 49वें मिनट में मप्र हॉकी अकादमी के कप्तान अली अहमद ने मैदानी गोल करते हुए टीम के खेमे में खुशी की लहर दौड़ा दी। इसके साथ ही मप्र हॉकी अकादमी ने मुकाबला 3-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

हर्षल, वेंकटेश और शिवम को भारतीय टीम के साथ जोड़ सकती है बीसीसीआई

मुम्बई। आईपीएल 2021 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज हर्षल पटेल , बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर और शिवम मावी को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) विश्व कप के लिए भारतीय टीम के साथ जोड़ सकता है। इन खिलाड़ियों की टीम के ट्रेनिंग और कंडीशनिंग सत्र में भी सहायता ली जा सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ताओं ने आईपीएल 2021 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले आरसीबी के गेंदबाज हर्षल , केकेआर के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर और शिवम के नाम करीब-करीब तय कर लिए हैं। यह सभी खिलाड़ी टीम इंडिया के ट्रेनिंग में जरूरी सहायता देंगे। इनमें से कम से कम दो खिलाड़ियों को दुबई में रूकने के लिए कहा जा सकता है, जहां भारतीय खिलाड़ी फिलहाल क्वारंटीन में हैं। बीसीसीआई आईपीएल 2021 के प्लेऑफ खत्म होने के बाद खिलाड़ियों को टीम के साथ जुड़ने के लिए भी कह सकता है जिससे खिलाड़ी एक बायो-बबल से सीधे दूसरे में पहुंच जाएं। रिपोर्ट इस बात की भी पुष्टि करती है कि जहां तक विश्व कप टीम में बदलाव का सवाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीसीसीआई के पास टीम की अंतिम सूची जमा करने के लिए 15 अक्टूबर आधी रात तक का समय है। आईसीसी ने सुपर-12 में हिस्सा लेने वाली टीमों के लिए स्क्वॉड फाइनल करने की समय सीमा को 15 अक्टूबर तक बढ़ाया है। जो टीमें सुपर-12 स्टेज में शामिल हैं। वो अपने मुकाबले से 7 दिन पहले तक स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं। टी20 विश्व का सुपर-12 स्टेज 23 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने होम लोन में की 0.10 फीसदी की कटौती, अब 6.80 प्रतिशत पर मिलेगा लोन

नई दिल्ली। अपना घर चाहने वालों के लिए खुशखबरी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक के इस कदम से होम लोन, कार लोन और अन्य लोन सस्ते हो गए हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि आरएलएलआर की दर को 6.90 प्रतिशत से घटाकर 6.80 प्रतिशत कर दिया है। ये नई दर 11 अक्टूबर 2021 से लागू होगी। बैंक ने स्टेटमेंट में कहा कि मार्जिनल कॉस्ट बेस्ट रेट (एमसीएलआर) में 0.10 फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद एक

दिन के लिए एमसीएलआर आधारित ब्याज दर 6.70 प्रतिशत, एक महीने के लिए 6.80 प्रतिशत, तीन महीने के लिए 7.10 प्रतिशत और छह महीने के 7.15 प्रतिशत होगी। वहीं, एक साल के लिए एमसीएलआर को 0.05 प्रतिशत कम कर 7.25 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने त्योहारों के दौरान होम, कार और गोल्ड लोन पर प्रोसेसिंग फीस पर छूट देने की घोषणा की थी। रेपो रेट आधारित ब्याज दर कम होने से होम लोन 6.80 प्रतिशत, कार लोन 7.05 प्रतिशत और गोल्ड लोन 7.0 प्रतिशत हो गया है। त्योहारों के मौसम में अगर आप भी घर खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए अच्छा मौका है। इस दौरान कई बैंकों के अलावा हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों ने होम लोन की दरें कम कर दी हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस सबसे सस्ता होम लोन ऑफर कर रहे हैं। घरों की डिमांड बढ़ने और फेस्टिव टाइम के कारण बैंकों ने होम लोन की दरें कम की है।

महिंद्रा एक्सयूवी700 एसयूवी की डिलिवरी आखिरी हफ्ते से

इस एसयूवी के पेट्रोल वेरिएंट की डिलिवरी होगी पहले शुरु

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की नई एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी700 की डिलिवरी अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से शुरू होगी। सबसे पहले भारत में महिंद्रा एक्सयूवी700 पेट्रोल वेरिएंट की डिलिवरी शुरू होगी, उसके बाद नवंबर के आखिरी हफ्ते में महिंद्रा एक्सयूवी700 डीजल वेरिएंट की डिलिवरी शुरू होगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने ट्विटर पर एक्सयूवी700 के ऑफिशल पेज पर जानकारी दी कि वह एक्यूवी700 की भारत में इन-इन तारीख से डिलिवरी शुरू करेगी। हालांकि, डीजल वेरिएंट्स बुक कराने वाले थोड़े निराश होंगे कि आखिरकार उन्होंने जो यूनिट बुक कराई, उसकी डिलिवरी में एक महीने की देरी क्यों और वे इसे लेकर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी भी जता रहे हैं। महिंद्रा एक्सयूवी की बीते हफ्ते 7 अक्टूबर से डिलिवरी शुरू हुई थी और पहले दिन एक घंटे से भी कम समय में इसके फर्स्ट बैच की 25 हजार यूनिट की बुकिंग फुल हो गई। उसके बाद 8 अक्टूबर को दूसरी बैच के 25 हजार यूनिट कि बुकिंग महज दो घंटे में फुल हो गई। महिंद्रा एक्सयूवी700 को इतना शानदार रिस्पॉन्स मिलने से कंपनी भी काफी गदगद है और आने वाले समय में इसके नेक्स्ट बैच की बुकिंग की जानकारी दी जाएगी। इस एसयूवी में लेटेस्ट स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

महिंद्रा एक्सयूवी700 के 5 सीटर वेरिएंट की कीमत 11.98 लाख रुपये से लेकर 20.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम प्राइस) तक है, वहीं इसके 7 सीटर वेरिएंट की कीमत 12.49 लाख रुपये से लेकर 22.89 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। महिंद्रा की नई एसयूवी का मुकाबला ?किआ सेल्टास, हयूदै क्रेटा और एमजी हेक्टर प्लस समेत कई अन्य सेलिंग से है।

वोडाफोन आइडिया को संकट से उबारने कुमार मंगलम बिड़ला लग सकते हैं जेब का पैसा

नई दिल्ली। भारी कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया की अच्छी खबर है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला कंपनी को संकट से उबारने के लिए अपनी जेब से पैसा लगाने की तैयारी में हैं। साथ ही ब्रिटेन का वोडाफोन ग्रुप टावर फर्म में अपना कुछ हिस्सा बेचकर वोडाफोन-आइडिया में निवेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक दोनों प्रमोटरों के कंपनी में कुछ पैसा लगाने के बाद ही बाहरी फंडिंग आ सकती है।

वोडाफोन ग्रुप से करीबी वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वोडाफोन आइडिया में अधिकांश फंडिंग बाहरी स्त्रोतों से आएगी। कुमार मंगलम बिड़ला इसमें कुछ पैसा लग सकते हैं। हालांकि यह बहुत ज्यादा राशि नहीं होगी। वोडाफोन ग्रुप के इसमें निवेश की संभावना नहीं है। उसकी इंडस में अपने एसेट्स बेचने की योजना है। निवेशक चाहते हैं कि दोनों प्रमोटर्स कंपनी में पैसा लगाएं। इसके बाद ही बाहर से पूंजी जुटाई जा सकेगी। मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट्स आई हैं कि प्रमोटर कंपनी में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकते हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह राशि इससे बहुत कम होगी। इस बारे में आदित्य बिड़ला ग्रुप और वोडाफोन इंडिया ने जवाब नहीं दिया। वोडाफोन ग्रुप ने इस पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। अभी कंपनी में वोडाफोन ग्रुप इंक की 44.39 फीसदी और आदित्य बिड़ला ग्रुप की 27.66 फीसदी हिस्सेदारी है। वोडाफोन ग्रुप की इंडस टावर्स में 28.12 फीसदी हिस्सेदारी है।

पिछले एक साल से कंपनी निवेशकों को लाने की कोशिश में है। लेकिन कंपनी की 25,000 करोड़ रुपये का फंड जुटाने की योजना अभी तक परवान नहीं चढ़ी है। लेकिन टेलिकॉम सेक्टर के लिए सरकार के रिलीफ पैकेज से स्थिति बदल गई है। इससे कंपनी पर कैश फ्लो को बोझ फिलहाल कम हो गया है और यह निवेशकों के लिए आकर्षक बन गई है। इस पैकेज की घोषणा से पहले आदित्य बिड़ला ग्रुप और वोडाफोन ग्रुप ने कंपनी में ताजा निवेश से इनकार कर दिया था।

उठावनी/पुष्पांजलि सभा



स्व. श्रीमती सरिता अग्रवाल जी

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्या श्रीमती सरिता अग्रवाल जी का गोलोक गमन दिनांक 11.10.2021, दिन सोमवार को हो गया है, जिनकी उठावनी दिनांक 13.10.2021, दिन बुधवार को सायं ४:00 बजे से ५:00 बजे तक निज निवास स्थान दबोह, भिंड (मध्यप्रदेश) पर होगी।

-: शोकाकुल :-

श्री विष्णु दत्त अग्रवाल (पति)
श्री चन्द्रप्रकाश, श्री ओमप्रकाश, श्री सत्यप्रकाश, श्री श्रीप्रकाश एवं विनोद अग्रवाल (भाईगण)
विकास अग्रवाल, नीरज अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल (पुत्रगण)
एवं अग्रवाल परिवार

सम्पर्क सूत्र: 9893799361,9893100172

पावई माता मंदिर पर होगी दतिया रतनगढ़ मंदिर जैसी सुविधाएं, हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

श्रृद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए एडवोकेट उमेश बौहरे ने जनहित में कोर्ट लगायी थी याचिका

हाईकोर्ट ने कलेक्टर, एसपी से लेकर भी अधिकारियों को किया तलब, जल्द सड़क व मेले की सुविधाओं को लेकर करें व्यवस्था

भिण्ड। जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पावई माता मंदिर का इतिहास करीब एक हजार वर्ष पुराना है, इस मंदिर का निर्माण 11वीं शताब्दी में गुर्जर-प्रतिहार राजाओं ने कराया था। वहीं भक्त माता को देवी करौली की छोटी बहन के रूप में पूजते हैं। मान्यता है कि माता कैलादेवी के दर्शन के बाद अगर पावई वाली मातारानी के दर्शन नहीं किए तो श्रद्धालुओं की यात्रा अधूरी मानी जाती है। मुगल काल में बादशाह औरंगजेब ने इस मंदिर को हमले के दौरान तोड दिया था। पावई वाली माता मंदिर के बारे में स्थानीय लोगों का कहना है कि मातारानी के दर्शन माता से सभी बिगडे काम बन जाते हैं। वहीं नवरात्रि में यहां पर जवारे और नेजा चढ़ाने से लोगों की सभी मनोकामना पूरी हो जाती है। नवरात्रि के 9वें दिन यहां पर लाखों की संख्या में भक्तगण दूर-दूर से सिर पर जवारे रखकर और नेजा लेकर मातारानी के दरबार में चढ़ाने के लिए आते हैं, बावजूद भी इस मंदिर पर किसी तरह की सुविधाएं जिला प्रशासन नहीं करता था, इसलिए हमेशा यहां पर दुर्घटनाएं होने की संभवना बनी रहती थी। मंदिर परिसर, सड़क, चौकी, अस्पताल शौंचालय आदि किसी तरह की सुविधाएं मंदिर पर नहीं है इसलिए यहां पर श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए एडवोकेट उमेश बौरहे ने जनहित याचिका हाईकोर्ट में लगाई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कलेक्टर, एसपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को तलब करते हुए तुरंत आदेश किया है कि मंदिर पर सभी तरह की सुविधाएं होनी चाहिए ताकि किसी तरह की दुर्घटना व अन्य परेशानियों से श्रद्धालुओं को न जूझना पड़े। मंदिर जाने के लिए किसी तरह की सड़क, वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था, श्रृद्धालुओं के लिए नहाने-धोने के लिए सुलभ कॉम्पलेक्स सहित आपात कालीन की स्थिति में एक अस्पताल आदि सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एड.उमेश बौहरे ने याचिका लगाई थी जिस पर तुरंत सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सभी अधिकारियों को तुरंत व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया है।

महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना अंतर्गत एक 38 वर्षीय महिला से उसके जेठ ने उस समय छेड़छाड़ की जब वो घर में अकेली थी। पति किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। महिला घर में खाना बना रही थी जेठ ने छेड़छाड़ की जब बहू ने विरोध किया तो उसे जमीन पर पटक दिया। इससे महिला के सिर में चोट आई। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर शिकायत दर्ज कर ली। पुलिस के मुताबिक सरोज नगर, मस्जिद वाली गली में रहने वाली 38 वर्षीय महिला ने पुलिस थाने आकर शिकायत दर्ज कराई है कि 10 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वो अपने घर में अकेली थी। पति किसी काम से बाहर गया हुआ था। महिला घर के अंदर किचन में खाना बनाना रही थी। तभी उसका जेठ असलम आया। जेठ ने बुरी नीयत से हाथ पकड़ा और शरीर के अंगों से छेड़छाड़ करने लगा। इस पर महिला ने विरोध किया तो वो नहीं माना। जब महिला चिल्लाने लगी तो मुंह दबाकर जमीन पर पटक दिया और गंदी-गंदी गालियां दी। इससे महिला के सिर में खून निकल आया। मां की आवाज सुनकर पीड़िता की बेटी आ गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

बहू के साथ छेड़छाड़, जेठ पर हुआ मामला दर्ज

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सरोज नगर में रहने वाली एक महिला के साथ उसके जेठ ने छेड़छाड़ कर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय महिला निवासी सरोज नगर भिंड मस्जिद वाली गली ने बताया उसका जेठ उस पर बुरी नजर रखता था और विगत 10 अक्टूबर शाम 8 बजे उसका जेठ छेड़छाड़ करने लगा, जब इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और महिला की पत्नी बचाने आई तो उसने उसका मुंह काट लिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जमीन को लेकर युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। बरोही थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरी में जमीन को लेकर एक युवक ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम 7.54 बजे कौशलेन्द्र पुत्र कुशपालसिंह चौहान निवासी ग्राम पीपरी में घर के दरबाजे के सामने उसी गांव निवासी कुशपालसिंह पुत्र जुड़ावनसिंह चौहान ने जमीन को लेकर गाली-गलौज शुरु कर दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

देहात पुलिस को मिली कामयाबी, शातिर चोर गिरफ्तारं

तीन जगह चोरियों का खुलासा, माल भी बरामद

भिण्ड। थाना देहात भिण्ड पुलिस द्वारा रात्रि में मकान के ताले तोडकर चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ा चोरियों का किया गया खुलासा 3 तीन चोरी गया माल बरामद किया है। थाना देहात निरीक्षक रामबाबू सिंह यादव द्वारा लगातार सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों का खुलासा किया जाकर वारदात में संलिप्त आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है इसी क्रम में 11 अक्टूबर को आरोपी भारत पुत्र रामबाबू शाक्य उम्र 28 साल निवासी पानी की टंकी के पास थाना गोरमी को थाना देहात में पंजीबद्ध तीन चोरी के अपराधों में गिरफ्तार किया गया तथा उक्त चोर के कब्जे से चोरी गये सामान को बरामद किया गया है। जिसने पूछताछ के दौरान बताया कि पहली चोरी 14 जून 21 को श्रीवास नगर अटेर रोड भिण्ड में मेवाराम बघेल के मकान से की दूसरी चोरी 01 सितम्बर 21 को शास्त्री नगर ए ब्लाक भिण्ड से विजय के मकान में की तथा तीसरी चोरी 28 जून 21 को पुनः शास्त्री नगर भिण्ड में राजेन्द्र सिंह सेंगर के मकान से चोरी करना बताया है तथा चोरी करने का तरीका पूछा तो बाताया कि वह दिन में गली-मोहल्लों में घूम फिरकर रैकी करते है. तथा जिन घरों में ताले लगे मिलते हैं उनमें चोरी अकेले ही करने की योजना बनाकर चोरी को अंजाम देता है। उक्त चोरियों में एक जोडी झुमकी, दो सोने की चूडियां, एक अंगूठी, तीन जोड़ी पायल एक सोने की लौंग तथा नगदी बरामद की गयी है। उक्त चोर को रिमांड पर लिया जाकर अन्य चौरियों के बारे में पूछताछ की जा रही है तथा अन्य मसरूका मसरूका बरामद करने के प्रयास जारी है। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात निरी रामबाबू सिंह यादव उनि कौशलेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रआर नवीन पचौरी, बृजराज सिंह गुरूदास सोही, मृगेन्द्र जादौन, आर सन्दीप, सुभाष तोमर, राहुल शुक्ला की रही।

चार पहिया ने बाइक चालक को मारी टक्कर, युवक घायल

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के दोनियापुरा ताल के पास मेहगांव रोड पर एक चार पहिया चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए बाइक चालक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार 7.30 बजे अरविन्द पुत्र लाखनसिंह शाक्य निवासी वार्ड क्र.13 ने बताया वही बाइक से क्षेत्र के दोनियापुरा ताल के पास मेहगांव रोड से गुजर रहा था, इसी दौरान चार पहिया नं.एचआर55एए1805 के चालक ने लारवाही से चलाकर टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस चौकी से सटे दो मकानों में चोरीय, 10 लाख से ज्यादा के सोना-चांदी के जेवर समेट ले गए चोर

भिण्ड। उमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकोडा गांव में पुलिस चौकी के बगल के ही दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोर इन मकानों से 10 लाख से अधिक से सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी समेट ले गए। यह हाल है भिंड पुलिस का। अगर चोर पुलिस से नहीं डर रहे हैं तो बदमाश क्या डरेंगे, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। अकोडा गांव के रहने रिटायर फौजी बीरेश शर्मा और उनके पडोसी संतोष प्रजापति के घर को चोरों ने रविवार-सोमवार की रात निशाना बनाकर के चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने देर रात घर मे प्रवेश कर घर की अलमारियों को ताले तोड़े और उनमें रखे सोने-चांदी के जेवरात ले गए। चोर घर में रखी बक्सों को अपने साथ दूर खेतों में लेकर पहुंचे जहां ताला तोडकर सामान समेट ले गए। चोर वीरेश शर्मा के घर से चोर 18 तोले सोने के जेवरात और 60 हजार रुपए की नगदी ले गए। वहीं पडोस में रहने वाले संतोष प्रजापति के घर से भी 20 हजार रुपए की नगदी और सोने चांदी के जेवरात समेट कर करीब 1 लाख रुपए की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की वारदात के बाद फरियादियों ने पुलिस चौकी पर सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही पडताल शुरू की। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए डॉग स्क्वायड टीम और एफएसएल एक्सपर्ट टीम को बुलाया।

चोर, बक्सों को फेंक गए गांव से बाहर, पुलिस को मिले

पुलिस की गश्त पर उठे सवाल

अकोडा चौकी के बगल से चोरी की दो वारदात से पुलिस की गश्त पर सवाल खडे हुए। घटना के बाद पुलिस अफ्सर से लेकर गांव के लोग पुलिस गश्त को लेकर चर्चा करते रहे। हर किसी का एक ही सवाल था कि चौकी के नजदीक के मकान ही सुरक्षित नहीं है। फिर कहां लोग सुरक्षित होंगे।

प्रभारी कलेक्टर ने जनसुनवाई में 65 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

भिण्ड । प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 65 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

किसानों के लिए खाद की उपलब्धता संबंधी बीसी सम्पन्न

भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में किसानों के लिए खाद की उपलब्धता के संबंध में सीएम निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर, कलेक्टर्स, एसपी के साथ बैठक ली। इस दौरान एनआईसी कक्ष भिण्ड से प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसपी मनोज कुमार सिंह, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान बन्धु विकल्पों के आधार पर रबी फसल में उर्वरकों का उपयोग कर सकते है

भिण्ड । उर्वरको के समन्वित उपयोग को दृष्टिगत रखते हुए रबी वर्ष 2021-22 में फसलो हेतु औषत अनुसंसित पोषक तत्वों के अनुसार सांकेतिक रूप से आवष्यक उर्वरको की मात्र की गणना कर विभिन्न उर्वरक विकल्प तैयार किये गये है। कृषक बन्धु उक्त तीन विकल्पो के आधार पर उर्वरको का उपयोग कर सकते हैं। प्रति हेक्टर के हिसाब से फसलबार विकल्प नम्बर 1 के अनुसार सरसो में यूरिया दो बेग, 15 किग्रा डीएपी एक बैग 15 किग्रा. एमओपी 33 किग्रा, गेहूं सिंचित यूरिया चार बैग 30 किग्रा, डीएपी दो बैग 30 किग्रा, एमओपी एक बैग 17 किग्रा एवं चना के लिए डीएपी दो बैग 30 किग्रा का उपयोग किया जा सकता हैं। इसीप्रकार विकल्प 2 के अनुसार सरसो में यूरिया दो बैग 40 किग्रा, एसएसपी तीन बैग 38 किग्रा, एमओपी 33 किग्रा, गेहूं सिंचित यूरिया पांच बैग 35 किग्रा, एसएसपी सात बैग 25 किग्रा, एमओपी 17 किग्रा, चना में यूरिया एक बैग, एमएसपी सात बैग 25 किग्रा का उपयोग कर सकते है। इसके साथ ही विकल्प 3 के अनुसार सरसो में दो बैग 16 किग्रा, एनपीके एक बैग 44 किग्रा, एमओपी 8 किग्रा, गेहूं सिंचित में यूरिया पांच बैग 16 किग्रा, एनपीके तीन बैग 30 किग्रा, एमओपी 17 किग्रा का उपयोग किया जा सकता है। उपरोक्त अनुशंसा सांकेतिक है। जिले में पोषक तत्वों की अनुशंसा एवं मृदा परीक्षण के आधार पर वास्तविक गणना किया जाना चाहिए।

बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति हितग्राहियों का निःशुल्क ई.डी.पी. प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 अक्टूबर तक

भिण्ड। भिण्ड उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल द्वारा आयोजित एवं राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग भोपाल द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से बैकों द्वारा स्वीकृत ऋण प्रकरण के हितग्राहियों का 10 दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (ई.डी.पी.) कार्यक्रम का आयोजन 08 से 17 अक्टूबर 2021 तक किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को मनोवैज्ञानिक पद्धति से स्वयं के उद्योग व्यवसाय लगाने एवं उसका सफल संचालन करने हेतु तैयार करना है, साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी एवं स्वयं के उद्योग आधार पंजीयन करने में सेडमैप द्वारा सहयोग प्रदाय किया जावेगा। हितग्राही स्वरोजगार स्थापना हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले में पाये जाने वाले कच्चा माल, भौतिक संसाधनों, इकाई स्थापना प्रक्रिया, समस्याओं का समाधान, विपणन कौशल, गहन बाजार सर्वेक्षण, कार्यशील पूंजी एवं नगद प्रबंधन, वस्तु की लागत एवं मूल्य निर्धारित, सम्प्रेषण कला, व्यवसायिक समझौते का महत्व, जी.एस.टी. इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा, साथ ही लोकल फॉर बोकल अभियान की ओर अग्रसर होकर अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। प्रशिक्षण पश्चात विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदाय किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भिण्ड के जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा के मोबाइल नम्बर 7000299686 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

नन्द के घर आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की

भिण्ड। ग्राम बड़ोखरी(लहार) में श्री श्री 1008 श्री वैष्णव दास महंत जी के सानिध्य में वैष्णवधाम, श्री गणेश शाला ग्राम बड़ोखरी में कथावाचक पंडित श्री हरिशरण राजोरिया गोपालपुरा जिला जालौन के मुखारविंद से सभी ग्रामीणों एवं आगंतुक श्रोताओं को कथा का रसपान कराया। भागवत कथा में पारीछत के रूप में श्रीमती रानी देवेंद्र श्रीवास्तव (शिक्षक)निवासी ग्राम बड़ोखरी के द्वारा आज भगवान के जन्मोत्सव पर सुंदर झांकी और महा प्रसाद की व्यवस्था भी की गई पंडित श्री हरिशरण राजोरिया के द्वारा भगवान कृष्ण के बालचरित्र की कथा सुनाई भगवान के जन्म के उपरांत पूरा पंडाल आनंदित हो उठा और पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आवाज से गूंज उठा,भगवताचार्य जी द्वारा भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर उनके जन्म की कथा सुनाई किस तरह राजा कंस ने देवकी और उनके पति वासुदेव जी को कारागार में डाल कर उनके सभी 6 संतानों को मौत के घाट उतार दिया और उसके बाद भगवान कृष्ण के जन्म की सभी घटनाओं का वृतांत बताया गया कथा में भगवान के जन्म उत्सव पर सभी ग्रामीणों,महिलाओं और श्यामसुंदर श्रीवास्तव नेताजी, ओमकार जोशी, डॉ धर्मेंद्र श्रीवास्तव, कृपाल गुर्जर, प्रदीप जोशी, जानकी नंदन समाधिया राकेश नारायण हिंनारिया, श्यामु थापक, हिम्मत परिहार, रामदास थापक जी, रविंद्र चौहान, कल्लू गौर और सुरेश राठोर सहित सभी भक्तों ने कथा का रसपान किया।

आयुक्त चंबल ने की वर्चुअल माध्यम से राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की समीक्षा

भिण्ड । आयुक्त ग्वालियर एवं चम्बल संभाग द्वारा कानून व्यवस्था एवं राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की समीक्षा बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड से प्रभारी कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड उदय सिंह सिकरवार, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्पेस में भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत उन गिने-चुने देशों में है, जिसके पास एन्ड टु एन्ड टेक्नोलॉजी है। हमने एफिशिएंसी को ब्रांड का अहम हिस्सा बनाया है। स्पेस एक्सप्लोरेशन की प्रोसेस हो या स्पेस की टेक्नोलॉजी हो... इसे हमें निरंतर एक्सप्लोर करना है। एक पार्टनर के तौर पर इंडस्ट्रीज को युवा इन्वेंटर को सपोर्ट कर रही है और करती रहेगी। हमने देखा है कि 20वीं सदी में स्पेस और स्पेस पर राज करने की प्रवृत्ति ने दुनिया के देशों को किस तरह विभाजित किया। अब 21वीं सदी में स्पेस दुनिया को जोडऩे में अहम भूमिका निभाए, ये भारत को सुनिश्चित करना होगा। देश ने पिछले कुछ सालों में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने भी कई लॉन्च सफल रहे हैं। हालांकि, कोरोना की वजह से इनमें से कुछ अंतरिक्ष मिशनों के कार्यक्रम में देरी आई है। देश के पहले सौर मिशन के 2022 की तीसरी तिमाही में लॉन्च होने की संभावना है। अगले साल भारत की दूसरी अंतरिक्ष वेधशाला एक्सपोसैट भी लॉन्च होगी। वहीं, गगनयान मिशन भी 2022 के अंत तक या 2023 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल दर साल नए-नए इतिहास रच रहा है। अब स्वदेशी ही नहीं विदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण इसरो करने लगा है। दुनिया भर में इसरो की साख बढ़ी है। आज दुनिया में जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं, अमेरिका, रूस, चीन जैसे दुनिया के कुछ ताकतवर देश जिस प्रकार पिछले कुछ दशकों में मजबूत अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरे हैं और अंतरिक्ष में अपने हथियारों की तैनाती कर रहे हैं, उससे भविष्य में अंतरिक्ष युद्ध की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में भारत के लिए भी इसी दिशा में कदमताल करते हुए अंतरिक्ष में अपनी स्थिति मजबूत करना समय की बड़ी मांग है और ऐसे में भारत के लिए इसरो की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इसरो जिस जोश और बेहद उन्नत तकनीक के साथ एक के बाद एक सफल अभियानों को अंजाम दे रहा है, उसका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। इसरो के बुलंद हौसलों और उसके अभियानों की बड़ी सफलता दर के कारण ही ÷नासा÷ भी अब अपने उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कराने के लिए इसरो की मदद ले रहा है। उरी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उसमें इसरो के उपग्रहों की मदद से ही आतंकियों के ठिकानों का पता लगाया गया था और सजीव तस्वीरें मंगाई गई थीं। ठीक उसी प्रकार बालाकोट हमले के बाद किए गए हवाई हमलों में भी इसरो ने अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रहों से तस्वीरें ली थीं। इसरो की तीन उपग्रह श्रृंखलाओं (रीसैट, काटोसैट तथा जीसैट) इस कार्य में मददगार साबित हुई थीं। काटोसैट की ही भांति रीसैट भी हर प्रकार के मौसम में पृथ्वी की तस्वीरें लेने में सक्षम है, जिसके जरिए अंतरिक्ष से जमीन पर तीन फीट की ऊंचाई तक की बेहतरीन तस्वीरें ली जा सकती हैं। आज स्पेस के क्षेत्र में भारत किसी पर मोहताज नहीं है। भारत ने अपनी क्षमता से यह साबित कर दिखाया है कि अमेरिका, चीन और रूस कितनी भी सफलताएं अर्जित कर लें, वे भारत की अनदेखी नहीं कर सकते। स्पेस में एक के बाद एक इसरो की सफलताएं हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण हैं और रहेंगी।

बीमारियों की सौगात परोस रहा है वायु प्रदूषण

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में वायु प्रदूषण के खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है, यहां तक कि लोगों की आयु घटने का भी एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। हाल ही में बेल्जियम में हुए एक अध्ययन में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामान्य वायु प्रदूषकों से भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। प्रमुख शोधकर्ता सैन मैटेओ फाउंडेशन के डा. फ्रांसेस्का आर जेंटाइल के अनुसार सात सामान्य प्रदूषकों का अध्ययन करने पर पाया गया कि इनके कारण हृदय गति रूकने का खतरा बढ़ा। इस अध्ययन में रोजमर्रा के प्रदूषकों की सांद्रता तथा अस्पताल के बाहर देखे गए कार्डियाक अरेस्ट के मामलों के बीच संबंधों की पहचान की गई। दरअसल वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर निरन्तर घातक होता जा रहा है। वर्ष 1990 तक जहां 60 फीसदी बीमारियों की हिस्सेदारी संक्रामक रोग, मातृ तथा नवजात रोग या पोषण की कमी से होने वाले रोगों की होती थी, वहीं अब हृदय तथा सांस की गंभीर बीमारियों के अलावा भी बहुत सी बीमारियां वायु प्रदूषण के कारण ही पनपती हैं। सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक अब वायु प्रदूषण की जद में होते हैं।

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। विभिन्न रिपोर्टों में यह तथ्य भी सामने आया है कि भारत में लोगों पर पीएम 2.5 का औसत प्रकोप 90 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक पिछले दो दशकों में देशभर में वायु में प्रदूषक कणों की मात्रा में करीब 69 फीसदी तक की वृद्धि हुई है और जीवन प्रत्याशा सूचकांक, जो 1998 में 2.2 वर्ष कम था, उसके मुकाबले अब एक्यूएलआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 5.6 वर्ष तक कमी आई है। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी के 'द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट' के शोधकर्ता एक अध्ययन के बाद खुलासा कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के ही कारण भारत में लोगों की औसत आयु कम हो रही है।

कुछ अध्ययनों के अनुसार भारत की कुल 1.4 अरब आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर डब्ल्यूएचओ के मानकों से ज्यादा है। 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी जगहों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है। भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है और यदि प्रदूषण का स्तर बरकरार रहता है तो उत्तर भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की आयु में आठ साल से ज्यादा की कमी आ सकती है। उत्तर भारत दक्षिण एशिया में सर्वाधिक प्रदूषित हिस्से के रूप में उभर रहा है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण पिछले 20 वर्षों में 42 फीसदी बढ़ा है और जीवन प्रत्याशा घटकर 8 वर्ष हो गई है। हालांकि भारत 'नेशनल क्लीन एयर' कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024 तक पार्टिकुलेट प्रदूषण को 20-30 फीसदी तक घटाने के लिए प्रयासरत है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि भारत अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि भारत अगले कुछ वर्षों में प्रदूषण का स्तर 25 फीसदी भी घटा लेता है तो राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा 1.6 वर्ष और दिल्लीवालों की 3.1 वर्ष बढ़ जाएगी।

कुछ ही दिनों पहले 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक' (एक्यूएलआई) की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण तरह-तरह की बीमारियां पैदा करने के अलावा लोगों की आयु भी घटा रहा है अर्थात् इसका सीधा प्रभाव जीवन प्रत्याशा पर पड़ रहा है।

भारत के संदर्भ में रिपोर्ट में कई सनसनीखेज तथ्य उजागर किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के अनुमानित प्रभावों की तीव्रता सम्पूर्ण उत्तर भारत में बहुत ज्यादा है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनियाभर में सबसे ज्यादा खतरनाक है। एक्यूएलआई रिपोर्ट के अनुसार यदि वर्ष 2019 जैसा वायु प्रदूषण संघनन जारी रहा तो दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता जैसे सर्वाधिक प्रदूषित महानगरों में रहने वाले लोग अपनी जिंदगी के नौ से ज्यादा वर्ष खो देंगे। रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 48 करोड़ लोग गंगा के मैदानी क्षेत्र में रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है और यह प्रदूषण अब गंगा के मैदानों से आगे मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे राज्यों तक फैल गया है, जहां खराब वायु गुणवत्ता के कारण लोग 2.5 से 2.9 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट के मुताबिक केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्य राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा को 1.7 वर्ष तक बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं लेकिन इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक मोर्चे पर ठोस नीतियों की आवश्यकता है।

कुछ समय पूर्व बोस्टन के 'हैल्थ इफैक्ट इंस्टीच्यूट' तथा 'हैल्थ मैट्रिक्स एंड एवल्यूशन' की प्रदूषण के मनुष्यों की आयु पर पड़ने वाले अच्छे-बुरे प्रभावों को लेकर किए गए अध्ययन की रिपोर्ट भी सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत सहित सभी एशियाई देशों में वायु में घुलनशील प्रदूषणकारी तत्वों पीएम 2.5 की मात्रा निरन्तर बढ़ रही है। अध्ययनकर्ताओं का कहना था कि पीएम 2.5 का स्तर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अफ्रीकी देशों में डब्ल्यूएचओ के मानकों से बहुत ज्यादा है, जिस कारण दुनियाभर के प्रत्येक क्षेत्र में जीवन प्रत्याशा में कमी आ रही है। आईसीएमआर की एक रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में औसत आयु घट रही है। पिछले साल 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' द्वारा भी कहा गया था कि वायु प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के कारण देश में जीवन प्रत्याशा औसतन 2.6 वर्ष घट गई है।

बहरहाल, शोधकर्ताओं का कहना है कि वायु की गुणवत्ता में सुधार करके इस स्थिति को और बिगड़ने से बचाया जा सकता है। एक्यूएलआई के निदेशक केन ली कहते हैं कि जीवाश्म ईंधन संचालित वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक समस्या है और वायु प्रदूषण से मुक्ति पूरी दुनिया को औसत आयु में दो वर्ष जबकि सर्वाधिक प्रदूषित देशों को पांच साल बढ़त दिला सकती है। ली के मुताबिक अगर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल वायु गुणवत्ता को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बनाने में सफल हो जाएं तो यहां के लोगों की औसत आयु 5.6 वर्ष बढ़ जाएगी अन्यथा उम्र इतनी ही घट जाएगी। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन के मुताबिक वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है? यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं?

एक सैनिक की पाती

प्रिये,
लिखूँ आज क्या?
कुछ नया नहीं है,
वही सुबह से सीमा पर
चौकसी में बैठा हूँ।
दूर से दुश्मन की टोली
अपने अभ्यास पर
लगी हुई है।
कभी-कभी तो
उन्हें देखकर हँसी आती है
जब हमें दिखा-दिखाकर
अपनी बंदूकें चमकाते हैं,
पर हमें निशाना साधते देख
चुपचाप अपने बंकरों में
छिप जाते हैं।
कुछ घँटों बाद कोई एक
चुपके से झाँकता है
पर हमारी तनी बंदूकें देख
फिर गायब हो जाता है।
यह हमारे लिये एक
ब?ा ही मनोरंजक खेल
हो गया है।
कभी-कभी जब हम
उनकी ओर गोलियाँ
बरसाते हैं तो वे
घँटों नजर ही नहीं आते।
सच कहूँ प्रिये,
उनको देखकर मुझे उनपर
बहुत तरस आती है
क्योंकि वे तो खौफ में
अपनी जिंदगी जी रहे हैं।
शायद किसी मजबूरी में
फौज में भर्ती हुए होंगे
क्योंकि मरने-मारने का
जज्बा उनमें दिखता ही नहीं।
लगता है उनके हुक्मरानों ने
सीमा पर भेजकर अपनी
खानापूर्ति कर ली हो।
हम अक्सर ही उनको देख
अपने से तुलना करते हैं तो
वे कहीं टिक ही नहीं पाते।
हम फौज में अपनी
मर्जी से देश की रक्षा हेतु
भर्ती हुए क्योंकि
हमें इस देश की मिट्टी का
कर्ज जो चुकाना है।
मुझे जबम देनेवाली
माँ का तुम्हें पूरा ख्याल

रखना होगा ताकि
मेरी माँ को मेरी कमी
नहीं खले।
बाबूजी को अपने पिता तुल्य
मानना तुम्हारा धर्म है।
छोटे भाई-बहनों को
वही प्यार देना जो तुम
अपने बच्चों को
देना चाहती हो।
मेरा घर आना
कब सम्भव होगा
कहना मुश्किल,
क्योंकि इन दुश्मनों की
गतिविधियाँ तबतक नहीं
रुकेंगी
तबतक हमें सदा सजग
प्रहरी की भाँति
सीमा पर डटे रहेंगे।
सम्भव हो इस युद्ध में
मैं नहीं बल्कि मेरा शरीर
तिरंगे में लिपटा आये
तो अपनी भावनाओं पर
नियंत्रण रखना और
मेरे वियोग में आँखों में
आँसू न आने देना।
माँ-बाबूजी और छोटे
भाई-बहनों को कलेजे से
लगा लेना और उसी को
अपनी संतान मानकर
ब?ा करना।
किसी के आगे हाथ
फैलाकर मेरे बलिदान को
व्यर्थ न जाने देना।
वैसे अबतक दुश्मन की
कोई गोली नहीं बनी है जो
सामने से आकर मेरी
छाती को बींध जाये।
कायर हैं वे,
धोखे से वार करते हैं
और पक? जाने पर
गि?गि?ाने लगते हैं।
खैर,बहुत हो गया।
अब सामने कुछ दुश्मन
नजर आ रहे हैं।
शायद तुम्हें पत्र
लिखने में व्यस्त देखकर
वे खुले में आ गये हैं,
अब फिर उन्हें बंकरों में
भेजता हूँ।
माँ-बाबूजी को प्रणाम और
भाई-बहन को दुलार।
प?ौस वाली आजी को भी
मेरा प्रणाम कह देना।
कोई दोस्त कभी दिख जाये तो
बोलना कि सबको याद करता हूँ।
तुम्हारा
सीमा पर से पति।
(जगह लिख नहीं सकता।
गोपनीय जो ठहरा।)

--बाल मुकुन्द द्विवेदी
शीतल छाया, गणेश लोक कॉलोनी,

माँ पीताम्बरा (मुश्किल कार्य को आसान बनाती है

सूडोकु नवताल- 5861 — ★★★★★ कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5860 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

विष्ण अग्रवाल

मध्यप्रदेश के हृदय स्थल ग्वालियर से 70 किलोमीटर दूर स्थित माँ पीताम्बरा पीठ इन दिनों धमत्कार का केन्द्र बना हुआ है । यहां आने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

अखण्ड ब्रहम्चारी स्वामी जी श्री स्वामी जी महाराज ने बचपन से ही सन्यास ग्रहण कर लिया था । श्री स्वामी जी यही एक स्वतंत्र अखण्ड ब्रहमचारी संत थे। स्वामी जी प्रकांड विद्ववान व प्रसिद्ध लेखक है उन्होंने संस्कृत-हिन्दी में कई किताये लिखी है । वर्तमान में जहाँ माँ पीताम्बरा पीठ का मंदिर है । वहाँ कभी शमशान हुआ करता था । इस शमशान के पास प्राचीनकाल के काल का शिव मंदिर था । जिसे बनखण्डेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता था पुरातत्व विभाग के अनुसार श्री बनखण्डेश्वर महादेव जी का मंदिर 5000 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है । ऐसा कहा जाता है कि महाभारत कालीन समय के गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वथामा के कहने पर भी पीताम्बरा पीठ की स्थापना स्वामी जी ने अपने तर. बल से की थी । इस स्थान को शुद्ध कर माँ पीताम्बरा माई पीठ के पवित्र विग्रह को वैशाख शुल्क चतुथी सन् 1936 को पीताम्बरा मों की प्रतिष्ठा दतिया के वैदिक विधान स्व.पगित ज्याला प्रसाद जी दुबे से प्राण प्रतिष्ठा काई पीताम्बरा पीठ के स्थापना पूर्व स्वामी जी ने 1934 में दतिया में 7 दिन का अखण्ड कतिम हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे-हरे करवाया था। स्थापित किया श्री स्वामी जी विद्धवान के साथ-साथ अच्छे लेखक भी थे उन्होंने कई

किताबे हिन्दी व सांस्कृत में लिखी माँ पीताम्बरा पीठ मंदिर में माँ बागलामुखी जागृत अवस्था में है। माँ स्वर्ण शासन पर विराजमान है श्री नेत्र पीले वस्त्रों से सुशोभित, स्वर्ण अंगों स्वर्ण मुकट को धारण करने वाली अंपा पुष्पों की माला धारण करने वाली अपने हाथ में मुद्गर, पाश बज. और जिहा धारण करने वाली श्री शोभायान करने वाली तीनों लोकों को स्तम्भित करने वाली माँ पीताम्बरा है। भगवती बगलामुखी अत्यंत गंभीर आकृति वाली है । उनका वर्ग तपाए हुए स्वर्ग की भांति है । ये त्रिनयना है । उनसे पीले रंग की आभा निकल रही है । उन्हें दो भुजा वाली एवं चार भुजा वाली दोनों ही स्वरूपों में जाना गया है । दो भुजा स्वरूप में एक हाथ में मुदगर एवं दूसरे हाथ में शत्रु की जिला एवं बज है । इनके वक्त भी पीले रंग के है। इनके मस्तक पर अर्धचन्द्रमा सुशोभित हो रहा है । ये पीले रंग के आभूषणों से शोभायमान है । ये स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान है । माँ बागलामुखी को प्रशास्त्र विद्या के नाम से जाना जाता है । प्रास्त्र की माता सर्वोपरि है। इसका निरोधक और कोई अस्त्र नहीं है। ब्रह्मास्त्र से ही इसका निरोध हो सकता है। भगवती बगला जहाँ ब्रहास्त्र की शक्ति है. वही ब्रहास्त्र की स्तमिनी विद्या भी है । अर्थात् उसकी निरोधक भी है।

भगवती बगलता की उपासना सर्वप्रथम ब्रह्म ने सनक आदि को यह विद्या प्रदान की । सनत्कुमार ने इस विद्या को नारद को प्रदान किया नारद ने साख्यान ऋषि प्रदान और उन्होंने सांख्यायनतन्त्र का प्रणयन किया इस विद्या के द्वितीय उपासक विष्णु हुए और शिव तृतीय उपासक हुए शिव ने ब्रह्मास्त्र विद्या को परशुराम को प्रदान किया और परशुराम ने इसे द्रोणाचार्य, कर्ण, भीष्म आदि को दिया द्रोणाचार्य ने अर्जुन और अश्वथामा को दिया श्री कृष्णा भी इसके जानकार थे भगवान? शिव ने यह विद्या च्यवन को प्रदान की समस्त स्तम्भन शाक्ति के पीछे पीताम्बरा की स्तम्मन शाक्ति होती है इसी शाक्ति से मेघनाद ने हनूमान जी की शाक्ति को स्तम्भित किया था श्री कृष्णा भगवान जयद्रथ के वध के लिये सूर्यनारायण को स्तम्भित कर दिया था माँ पीताम्बरा बगलामुखी का स्वरूप रक्षात्मक एवं स्तम्भनात्मक हैं माँ पीताम्बरा पीठ मंदिर के साथ एक ऐतिहासिक सत्य जुड़ा हुआ है। (चिनी सेना वापिस भेजी) सन 4962 में जब गद्दार देश चीन ने भारत से दोस्ती के नाम पर भारत की पीठ में छुरा खोपकर अपनी सेनाओं के साथ भारत के ऊपर आक्रमण कर दिया था।

मज़हब बड़ा या मोहब्बत ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया श्री मोहन भागवत ने यह बिल्कुल ठीक कहा है कि शादी की खातिर धर्म-परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए। अक्सर यह देखा जाता है कि जब किसी हिंदू और मुसलमान लड़के और लड़की के बीच शादी होती है तो उनमें से कोई एक अपना धर्म-परिवर्तन करवा लेता है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि शादी भी इसीलिए की जाती है कि किसी का धर्म-परिवर्तन करवाना है। यह तो धर्म-परिवर्तन नहीं, धर्म-हनन है। यह अधर्म नहीं तो क्या है? शादी का लालच तो रूपयों और ओहदों के लालच से भी बुरा है। धर्म-परिवर्तन वही किसी हद तक ठीक माना जा सकता है, जो बहुत सोच-समझकर, पढ़-लिखकर और लालच व भय के बिना किया जाए। दुनिया में ज्यादातर धर्म-परिवर्तन भय, लालच या धोखे से किए जाते हैं। ईसाइयत और इस्लाम का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा पड़ा है। यदि ऐसी घटनाएं स्वयं ईसा मसीह या पैगंबर मुहम्मद के सामने होतीं तो क्या वे उन्हें उचित ठहराते? बिल्कुल नहीं। तो उनके अनुयायी यही सब कुछ करने पर क्यों तुले रहते हैं? इसका कारण उनकी अंधभक्ति और अज्ञान है। इसी कारण यूरोप और पश्चिम एशिया में खून की नदियां बहती रहीं। इन मुल्कों में महत्वाकांक्षी लोगों ने मजहब को सत्ता और अय्याशी के साधन के रुप में इस्तेमाल किया। भारत भी इस प्रवृत्ति का शिकार कई बार हुआ लेकिन अब जो आधुनिक भारत है, उसे अपने आप को इस अंधकूप में गिरने से बचाना होगा। दो व्यक्तियों में यदि पति-पत्नी का संबंध बनता है और उसका आधार परस्पर प्रेम और पसंदगी है तो उससे बड़ा धर्म कोई नहीं है। सारे धर्म और मजहब उसके आगे छोटे पड़ जाते हैं। मज़हब तो माँ-बाप का दिया होता है और मोहब्बत तो खुद की पैदा की हुई होती है। मजहब मजबूरी है और मोहब्बत आजादी है। इस आजादी को आप मजबूरी का गुलाम क्यों बनाएँ? पति और पत्नी, दोनों को अपना-अपना नाम,काम और मजहब बनाए रखने की आजादी क्यों नहीं होनी चाहिए? मेरे ऐसे दर्जनों मित्र देश और विदेशों में हैं, जिन्होंने अंतरधार्मिक शादियाँ की हैं लेकिन उनमें से किसी ने भी अपना धर्म-परिवर्तन नहीं करवाया। भारत में तो धर्म से भी ज्यादा जातियों ने कहर ढाया है। धर्म तो बदल सकता है लेकिन आप जाति कैसे बदलेंगे? अंतरजातीय विवाह ही जातिवाद को खत्म कर सकता है। यदि भारत में अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाह बड़े पैमाने पर होने लगें तो राष्ट्रीय एकता तो मजबूत होगी ही, लोगों के जीवन में समरसता और आनंद का अतिरिक्त संचार भी तेजी से होगा।

संक्षिप्त समाचार

-- मैं स्त्री हूँ--

हेमा अग्रवाल
(समाजसेविका मुरैना मप्र)

हाँ मैं स्त्री हूँ, स्त्री ही मुझको रहने दो।।
संवेदनाएं मुझमें भी, व्यक्त मुझे करने दो।।
हाँ मैं स्त्री हूँ,,,,,,,,,,।
नहीं चाहती देवी बन मैं पूजी जाऊँ।
नौ दिन पूजन करवाके, विसर्जित फिर मैं करदी जाऊँ।।
चाहती केवल इतना हूँ, थोडा खिलखिलाने दो।,
मत करो गंदा तुम मुझको, धवल धारा सी बहने दो।।
स्वाभिमान बना रहे मेरा, सम्मान से मुझको जीने दो।,
हाँ स्त्री हूँ, स्त्री ही मुझको रहने दो।।

ज्ञानसागर जैन छात्र-छात्राएं प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का किया विमोचन

मुरैना। अखिल भारतीय आचार्य श्री ज्ञानसागर जैन छात्र-छात्राएं प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र तारंगा जी में चातुर्मासरत परम पूज्य गुरुदेव अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री बसुनन्दी जी महाराज (ससंघ) के सान्निध्य में किया गया। इस पावन अवसर पर गुरुदेव ने समारोह की सफलता के लिए सभी को शुभाशीष प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा परम् पूज्य गुरुदेव सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज (ससंघ) के सानिध्य एवं परम् पूज्य आर्यिका आर्शमति माताजी के निर्देशन में 02 जनवरी 2022 को श्री शांतिनाथ अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जिला मुरेना (म.प्र.) में जैन युवा क्लव एवं सोनू मित्र मंडल सिहोनियाँ की मेजबानी में प्रतिभशाली जैन छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 2019-20 के सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत या अधिक अंक वाले और सन 2020-21 में सीए, डॉक्टर एवं अन्य सभी उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चयनित होने वाले सभी सम्प्रदायों के जैन छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए उन्हें निर्धारित फॉर्म भरकर ऑनलाइन/कोरियर/रजिस्टर्ड डाक/वट्सअप पर भेजना होगा। विमोचन करने वालों में सुनील जैन आगरा, दीनाबाबू जैन आगरा, गोपीचन्द जैन अम्बाह, राहुल जैन मनियां, पवन जैन, ओमप्रकाश जैन, अमर जैन, सुरेशचंद, नत्थीलाल पलपुरा, मनोज नायक, वीरेन्द्र जैन, राकेश, संजू, भागचन्द जैन, अतुल जैन, प्रांकुल जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

छात्रावास खुलवाने हेतु अजाक्स छात्र संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

मुरैना। जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह दंडोतिया (अजाक्स छात्र संघ मुरैना) के नेतृत्व में कलेक्टर मुरैना को निम्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग केरते हुए कहा कि छात्रो के लिए होस्टल जल्द ही खोले जाएं एवं नवीन प्रवेश प्रकिया शुरू की जाए, जिन छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति नहीं डाली है, उनकी छात्रवृत्ति अतिशीघ्र डाली जाए। जिसमें उपस्थित पदाधिकारी आशीष सिंह नागौरिया (जिला उपाध्यक्ष), प्रिंस गौरव (जिला उपाध्यक्ष), राहुल खरे (शहर अध्यक्ष), मोनू मित्तल (जिला महासचिव), अनिल खरे (जिला सचिव), पुष्पेंद्र अमर (ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष जौरा), सौरव रूपक, नीरज जयंत, सूरज पारा, गौतम मंडेलिया, बिकेश सोलंकी, विवेक सैनी, मनोज कार्टोलिया, सत्यवीर सिसोदिया एवं सैकड़ों सदस्यों के साथ कलेक्टर से जल्द ही मांगों के निराकरण करने की मांग रखी गई।

ब्राह्मण समाज सेवा ट्रस्ट के चुनाव 17 अक्टूबर को

अम्बाह। ब्राह्मण समाज सेवा ट्रस्ट अंबाह का निर्वाचन कार्य्रकम 17 अक्टूबर को एसआरएम गार्डन में आयोजित किया गया है समाज के निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार इससे पूर्व 10 अक्टूबर को चुनाव प्रक्रिया किन्ही कारणों से स्थगित कर दी गई थी। अब पुनः समाज के लोगों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं सामाजिक विकास हेतु लोकतांत्रिक प्रणाली से वोटर लिस्ट के आधार पर 17 अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है।

मातृशक्ति ने पूजे शस्त्र, किया दुर्गा चालीसा का पाठ

भव्य और दिव्य कार्यक्रम के माध्यम से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

मुरैना। विश्व हिंदू परिषद की दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति ने नवरात्र में शस्त्र पूजन करके महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रसारित किया। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित दिव्य और भव्य आयोजन में उपस्थित सभी महिलाओं ने भक्तिभाव के साथ दुर्गा चालीसा का पाठ भी किया। कार्यक्रम में पांचवीं वाहिनी के सेनानी की धर्मपत्नी शालिनी जैन मुख्यातिथि के रूप में पहुंचीं। इनके अतिरिक्त अर्चना सिकरवार, हेमलता राणा, मीना भट्ट, निधि गुप्ता, कृष्णा सोनी भी मंचासीन थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन ने की।

कार्यक्रम के आरम्भ में मंचासीन महिलाओं ने दीप प्रज्वलन कर ओमकार मंत्र तथा श्रीराम नाम का जाप किया गया। मातृशक्ति की जिला संयोजिका भावना जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. रामकुमार सिंह सिकरवार और मयंक शर्मा ने माता के भजन गाये। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लगभग पौन सैकडा महिलाओं ने एक साथ दुर्गा चालीसा का पाठ किया। दुर्गा चालीसा पाठ के बाद मंचासीन महिलाओं ने मंत्रोच्चार के बीच शस्त्रों की पूजा की। इसी बीच मातृशक्ति की पदाधिकारियों ने शिक्षाविद डॉ. रामकुमार सिंह को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तो गणेश वंदना प्रस्तुत करने वाली उनकी बेटियों को उपहार दिये। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मातृशक्ति की सह-संयोजिका सरिता गोयल ने किया और आभार प्रदर्शन सोनी तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष भारती मोदी, वैश्य महासम्मेलन की नीता बंदिल, वीणा गुप्ता, जैन मिलन की रजनी जैन, बबिता जैन सहित कई गणमान्य महिलाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम के अंत में लाल परिधान पहनकर कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली सभी महिलाओं ने अंत मे सामूहिक रूप से गरबा नृत्य किया तो कार्यक्रम स्थल पर अनूठी छटा बिखर उठी। गरबा के लिए जैन मिलन बालिका मंडल की सदस्य विशेष तैयारी करके आयी थीं। मयंक शर्मा के निर्देशन में सभी बालिकाओं के साथ महिलाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ गरबा नृत्य किया। इस विशेष आयोजन में भागीदारी करने वाली

स्ट्रीट रॉकर्स डांडिया नाइट में लोगों ने की बढ़-चढ़कर भागीदारी

मुरैना। नवरात्रि के शुभ अवसर पर स्ट्रीट डांडिया नाइट ने 2 दो दिवसीय डांडिया का आयोजन वृंदावन गार्डन बनखंडी रोड पर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विष्णु अग्रवाल एवं रोटरी क्लब चंबल लायंस क्लब रीजन डायमंड एवं शहर के विशिष्ट जन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले माता की आरती के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उसके बाद रॉक जॉन डांस स्टूडियो के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसके पश्चात रोटरी क्लब चंबल एवं लायंस क्लब द्वारा डांडिया की ओपन डांडिया किया गया। कार्यक्रम में स्ट्रीट रॉकर्स से राजकुमार यादव ने मुख्य अतिथि का एवं रोटरी क्लब चंबल, लायंस क्लब रीजन डायमंड का स्वागत किया एवं मयंक श्रीवास्तव ने सभी क्लब का आभार व्यक्त किया। स्ट्रीट रॉकर्स डांडिया नाइट मैं दिल्ली से आए पंजाबी सिंगर आरोही एवं अधिराज वालिया ने अपनी रंगीन प्रस्तुति देकर लोगों को खूब डांडिया कराया। प्रोग्राम की अगली कडी में अगले दिन होली रास डांडिया मथुरा से कलाकार अपनी पोस्ट देंगे एवं लाइव ओपन डांडिया किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में किड्स कल चला फैशन शो का आयोजन भी होगा व सब माता का भंडारा भी किया जाएगा। कार्यक्रम मैं स्ट्रीट रॉकर्स से मयंक श्रीवास्तव, राजकुमार यादव तिजेंद्र खेड़ा, भानु प्रताप, हिमांशु श्रीवास्तव, मिलन शर्मा, गिरिराज यादव, रवि शर्मा, रोहित, सनी व रोटरी क्लब चंबल से आनंद गुप्ता, लायंस क्लब रीजन डायमंड से राजेश बांदिल, कौशल मंगल, सपना बंसल, किरण गुप्ता उपस्थित रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर गल्ला मंडी प्रांगण में शहर जिला कांग्रेस बैठी धरने पर

मुरैना। जिले में किसानों को खाद मिलना दुर्लभ हो रहा है। खाद की किल्लत विकराल हो गई है। हालात यहां तक है कि सैकडों की संख्या में महिला, पुरुष रात से ही लाइनें लगाये हुये खडे है लेकिन उन्हें खाद के परमिट और पर्चियां नहीं मिल पा रहीं है, ऐसा भी देखा जा रहा है कि जिन लोगों को पर्चियां और परमिट मिल गये हैं उनको भी प्रशासन खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। शासकीय लापरवाही एवं अव्यवस्था के चलते जिले के किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है बाजार में खाद ब्लैक में 1500 रूपये प्रति बैग खाद उपलब्ध है। सोसायटी पर एक आधार कार्ड पर मात्र 2 कट्टे डी.ए.पी खाद दिया जा रहा है किसान लगातार खाद उपलब्ध कराने, व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग कर रहा है लेकिन भाजपा शासन काल में शासन-प्रशासन किसानों की समस्याओं को सुनने के लिये तैयार नहीं है। किसानों की तमाम समस्याओं का निराकरण करने के लिये शहर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने जिले के अपर कलेक्टर एवं तेहसीलदार को चेतावनी देते हुये कहा कि मुरैना शहर में 48 घण्टों में तमाम खाद वितरण के शासकीय क्वांटर बनाये जावें, और खाद की जो कालाबाजारी हो रही है उस पर पूरी तरह रोक लगायी जावे वरना शहर जिला कांग्रेस सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी। मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि जिले में रिठौरा, दिमनी, बागचीनी एवं सराय छौला में खाद वितरण केन्द्र बनाये जावें। इस मौके पर मुरैना विधायक राकेश मावई उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मुहैया कराया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मानवेन्द्र सिकरवार गांधी, सुभाष सिंह सिकरवार, गौरीशंकर कुशवाह, विक्रमराज मुदगल, राजेन्द्र यादव, राकेश परमार, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, ग्याप्रसाद शर्मा, विनोद शर्मा, कौशल पंडित, सौरभ सोलंकी, गौरव बाथम, सौरभ डण्डोतिया, गौरव यादव आदि सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अग्रवाल सेवा सदन का लोकार्पण 17 अक्टूबर को

कैलारस। वेसे तो कैलारस नगर में अग्रवाल समाज की एक धर्मशाला पहले से है परंतु अग्रवाल समाज के सहयोग से नवीन अग्रवाल सेवा सदन चौडा खरंजा पर नवीन निर्मित कर अग्रवाल समाज को सुपुर्द किया जाएगा। उक्त सेवा सदन में एयरकंडीशनर कमरे, बडा हॉल, सहित 4 मंजिला इमारत तैयार कर बनाया गया है जिसमे लिफ्ट की सुविधा भी दी गयी है। सेवा सदन का निर्माण बीते 2 बर्ष से अग्रवाल समाज के जनसहयोग से निर्माण होकर लागत मूल्य डेढ करोड रुपये आया है, कम समय में ये बनकर समाज को सुपुर्द कर दी जाएगी। अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष मातादीन सर्राफ एवं महामंत्री दिनेश सिंघल ने बताया कि 17 अक्टूबर को एक बडा लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें मुख्य अतिथि केएस ग्रुप के चेयरमैन रमेश गर्ग, विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मप्र शासन अशोक गोयल एवं जिले भर के अग्रवाल समाज के लोग इस लोकार्पण के साक्षी बनेंगे, साथ ही संपूर्ण समाज का भोज भी रखा गया है। कैलारस नगर के लिए ये अग्रवाल सेवा सदन बहुत ही उपयोगी सावित होगा क्योंकि तमाम तरह के सामाजिक एवम धार्मिक कार्यकम इसमे होने प्रारम्भ होंगे।

ग्राम नावली में ग्राम वासियों को दी गई विधिक सेवा की जानकारी

अम्बाह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव जिला न्यायाधीश शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भवन नावली में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह श्रीमती मीनाक्षी दंदेलिया द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पेनल अधिवक्ता नवनीत शुक्ला एवं पैरालीगल वोलेटियर श्रीमती मनोज भदौरिया, शासकीय हाईस्कूल में पदस्थ प्रधान अध्यापक रामदास मिश्रा एवं अध्यापकगण छात्र/छात्रायें, ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच भी उपस्थित रहे एवं अन्य ग्रामीणवासी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह श्रीमती मीनाक्षी दंदेलिया द्वारा वहां उपस्थित समस्त को नालसा द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विधिक सेवा तथा वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, मूल कर्तव्य एवं मूल अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गयी एवं पेनल अधिवक्ता नवनीत शुक्ला द्वारा वहां उपस्थित समस्त को विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदाय की गयी।

पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में विफलः पाराशर

मुरैना। सुमावली विधानसभा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए लापता बालक को खोजने एवं अभी हाल ही में हुई घटनाओं का पर्दाफाश करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सुमावली विधानसभा क्षेत्र में आए दिन अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, लेकिन पुलिस महकमा इन पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रहा है, जिससे आमजन में दहशत का माहौल बन गया है। श्री पाराशर ने बताया कि विगत 25 सितंबर को अमन नामक 9 वर्षीय बालक ग्राम धमकन से लापता हो गया है, बालक का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है तथा जौरा पुलिस को कई बार अभिभावक शिकायत कर निवेदन कर चुके हैं। इसी प्रकार 2 दिन पूर्व ग्राम थरा मैं एक वृद्ध रामेश्वर रावत की खेत पर सोते समय हत्या कर दी गई, जिसका भी अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। क्षेत्र में हत्या चोरी डकैती के अपराध आए दिन बढ़ रहे हैं और पुलिस इन पर लगाम कसने में असफल साबित हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भय का वातावरण बन गया है। श्री पाराशर ने लापता हुए नाबालिक अमन का पता लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक से मांग की और कहा कि इस मामले को गंभीरता से लें और बच्चे की तलाश कराएं। परिजनों को डर है कि कहीं उसके साथ कोई बुरा ना हुआ हो। श्री पाराशर ने पुलिस अधीक्षक को पांच दिवस का समय देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

लखीमपुर खीरी किसान शहीदों को विभिन्न स्थानों पर दी श्रद्धांजलि

कैलारस। गत दिनों लखीमपुर खीरी मैं विरोध प्रदर्शन कर वापस लौट रहे किसानों पर पीछे से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए किसानों को कुचल दिया। जिसमें 4 किसान शहीद हो गए और एक पत्रकार भी शहीद हो गए। किसानों द्वारा इसके विरोध में जुझारू आंदोलन किया गया। जिसके चलते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को धारा 302 के अंतर्गत जेल भेज दिया गया है। परंतु अभी तक मंत्री के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई है, न तो मंत्री को बर्खास्त किया गया है और न हीं उनके विरुद्ध मुकदमा कायम कर उन्हें जेल भेजा गया है। किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा देशभर में मंगलवार को शहीद किसानों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में संयुक्त किसान मोर्चा और किसान सभा की ओर से पुरानी सब्जी मंडी, कृषि उपज मंडी, मामचौन, गड़ीपुरा, निरारा, माधोगढ़, बस्तौली, रीझोंनी आदि गांवों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, युवा नेता महेश प्रजापति, सिंचाई अध्यक्ष राम लखन सिंह धाकड़, जसवंत यादव, बाबू सिंह यादव पूर्व सरपंच, रामदीन शर्मा, रामसिंह पटेल, नारायण सिंह, मनोज धाकड़ जगन्नाथ सिंह धाकड़, सरवन लाल, सियाराम, सुरेश सिंह, जहार सिंह द्वारा शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आगामी दिनों में 15 अक्टूबर को देशभर में मंत्री की बर्खास्तगी, गिरफ्तारी, तीनों कानूनों की वापसी की मांगों को लेकर मोदी, अमित शाह, शिवराज सिंह, और नरेंद्र सिंह तोमर के पुतले दहन किए जाएंगे। संयुक्त मोर्चा द्वारा यह आव्हान किया गया है।

भाजपा महिला मोर्चा ने जन्म जयंती पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया को याद किया

अम्बाह। भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य कैलाश वासी राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जन्म जयंती भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भावपूर्ण स्मरण के साथ जिला अध्यक्ष श्रीमती कंचन चौहान के निवास मनाई गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती कंचन चौहान ने कहा कि जनसंघ और भाजपा को खड़ा करने में राजमाता विजयाराजे सिंधिया का विशेष योगदान था श्रीमती चौहान ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए कश्मीर को लेकर या फिर अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष के दौरान राजमाता के जो सपने थे, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ण किए हैं। राजमाता सिंधिया को त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति बताते हुए श्रीमती चौहान ने कहा कि उनके पास सभी सुख सुविधाएं उपलब्ध थीं, इसके बावजूद उन्होंने आम लोगों गांव और गरीब के साथ जुड़कर जीवन जिया और उनके लिए ही अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि राजमाता ने साबित किया था कि जनप्रतिनिधि के लिए राजसत्ता नहीं, जनसेवा सबसे महत्वपूर्ण है। राजमाता के सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी को इसी गति से आगे बढ़ना है। सुरक्षित और समृद्ध भारत उनका सपना था और उनके सपनों को हम आत्मनिर्भर भारत की सफलता से पूरा करेंगे।

मप्र के गृह एवं जेल मंत्री माननीय डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन (डीटीवी) की लांच

प्रधानमंत्री जी की %डिजिटल इंडिया% की सोच को जमीन पर लाने का काम कर रहा है इंडस टॉवर ¬नरोत्तम मिश्रा

इंडस टॉवर्स की डीटीवी लाखों लोगों का बनाएगी डिजिटल साक्षर

भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सदा यही सोच रही है कि देश को पूर्ण रूप से डिजिटल बनाया जाए। इस सोच को आगे ब?ाने का काम इंडस टॉवर समूह बखूबी कर रहा है।ये बातें प्रदेश के गृह एवं जेल मंत्री श्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने छ्रञ्जङ्क वेन के लोकर्पण के अवसर पर कहीं।गौरतलब है कि डिजिटल शिक्षा और कौशल विकास के द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इंडस टॉवर्स समूह ने एक नवाचार किया है।समूह ने एक डिजिटल ट्रांसफॉरमेश वैन (डीटीवी) शुरू की है।आज लोकार्पण के अवसर पर इंडस टॉवर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तेजिंदर कालरा ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल शिक्षा देना बहुत जरूरी है। मीडिया एक्सपर्ट एवं अम्बर कॉन्ट्रैक्टर के नवीन पुरोहित ने कहा कि कोरोना काल में वर्चुअल शिक्षा का महत्व समझ में आया है। डिजिटल साक्षरता के इस अभियान के तहत सिर्फ भोपाल में ही 12 जगहों पर वेन द्वारा शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह वैन भोपाल सहित मध्यप्रदेश के ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में जरूरतमंद बच्चों, युवाओं और महिलाओं को डिजिटल शिक्षा प्रदान करेगी। यह वैन कंप्यूटर साक्षरता प्रदान करने के साथ–साथ लोगों को आईटी-सक्षम शिक्षा के लिए संसाधनों का उपयोग करने के तौर तरीके भी बताएगी। खास बात यह है कि वैन में पढ़ने के लिए लोगों को वैन के पास नहीं आना होगा, जबकि वैन खुद उनके मोहल्ले में जाकर शिक्षा प्रदान करेगी। इंडस टॉवर्स समूह का लक्ष्य प्रदेश के हजारों लोगों को डिजिटली साक्षर बनाना है। डीटीवी सिर्फ कंप्यूटर शिक्षा ही नहीं देगी, अपितु दुनिया भर में चल रहे घटनाक्रमों की जानकारी से भी लोगों को रूबरू कराएगी। वैन में शिक्षा देने का लक्ष्य कुछ इस तरह रखा गया है कि पुस्तकी शिक्षा के अलावा जीवन के अन्य पहलुओं से भी लोगों को जागरुक किया जाए। 20 सीटों वाली वैन सौर ऊर्जा से संचालित होगी। वैन में कंप्यूटर, प्रिंटिंग तकनीक और ई-लर्निंग टूल्स के साथ-साथ लाइव-मॉनिटरिंग सुविधाएं भी उपलब्ध है। यह वैन मोबाइल सुविधा के साथ विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और पहल को आम लोगों तक आसानी से पहुंचाएगी। इंडस टॉवर्स समूह के अनुसार पहले से ही वोडाफोन के साथ प्रोजेक्ट लर्निंग संचालित किया है। इससे 114,000 लोगों को कंप्यूटर शिक्षा दी है। अकेले इंडस डीटीवी बस के माध्यम से 1900 लोगों को डिजिटल साक्षर बनाया है। एक वर्ष में ही भोपाल, मध्य प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल 11,000 से अधिक लोगों को इससे लाभ हुआ है।

सराहनीय हैं इंडस टॉवर्स के प्रयास ¬ गृहमंत्रीट्ट भोपाल में वैन (डीटीवी) को हरी झंडी दिखाते हुए मध्यप्रदेश के माननीय गृह मंत्री श्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा, ÷मध्य प्रदेश में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए इंडस टॉवर्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मैं सराहना करता हूं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में वंचित बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। डिजिटल क्षेत्र में तेजी से विस्तार होगा। भारत सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में शामिल करने के लिए यह पहल सार्थकता प्रदान करेगी। भारत सरकार की %डिजिटल इंडिया% अभियान के दृष्टिकोण का समर्थन करेग।

वन-टू-वन

अंतरिक्ष उद्योग के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात करेगा आईएसए: माधुरी सावले

पंकज त्रिपाठी
स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

बैतूल । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस भारतीय अंतरिक्ष संघ का आज शुभारंभ किया है, वह न सिर्फ देश में अंतरिक्ष से संबंधित शोध और तकनीकी विकास का वाहक बनेगा, बल्कि देश में अंतरिक्ष उद्योग के क्षेत्र में भी एक नए युग का सूत्रपात करेगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी युवा नेत्री कुमारी माधुरी सावले ने भारतीय अंतरिक्ष संघ के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। भाजपा युवा नेत्री सावले ने इस अभिनव पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री जी ने जिस भारतीय अंतरिक्ष संघ का शुभारंभ किया है, वह देश में अंतरिक्ष संबंधी उद्योगों तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आईएसए अंतरिक्ष एवं सैटेलाइट कंपनियों का एक प्रमुख उद्योग संघ होगा, जो कि भारतीय अंतरिक्ष उद्योग की एक सामूहिक आवाज बनेगा। यह संघ सरकारी एजेंसियों, सरकार और निजी उद्यमों को एक साथ लाकर अंतरिक्ष संबंधी नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंनेकहा कि भारतीय अंतरिक्ष संघ प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने के अनुरूप भारत को आत्मनिर्भर बनाने, तकनीकी रूप से आगे ब?ाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने एवं भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र का अग्रणी देश बनाने में मदद करेगा।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर जसबंत सिंह बघेल नव नियुक्त समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का कांग्रेसियों ने किया सम्मान

विवेक सेन रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

दतिया -जिला कांग्रेस कार्यालय पर आज दिनांक 12-10-21 को जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने समाज कल्याण प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह बघेल विजनपुरा वालो को फूल माला पहनाकर शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। अशोक दांगी ने कहा कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए बघेल को समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन कर कांग्रेस को मजबूत करें। कार्यालय पर सभी को मिठाई वितरण कर खुशी का माहौल बना दिया और कांग्रेसियों ने जय -जय कमलनाथ के नारे एवं जय कांग्रेस विजय कांग्रेस के नारे लगाते हुए हर्ष व्यक्त किया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी वघेल जी को फूल माला पहनाकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक दांगी बगदा जी ने की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक दांगी बगदा,प्रदीप गुर्जर पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक दतिया,वरिष्ठ नारायण सिंह बाबूजी,समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह वघेल,प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग संन्जू दांगी सिंधबारी,यूथ प्रबंधन समिति जिलाध्यक्ष रामदास उत्साही,जिला मीडिया चेयरमैन दतिया अशोक श्रीवास्तव,विक्रम दांगी सिंधबारी, महेंद्र प्रजापत जनपद सदस्य, बिक्रम दांगी तैडोत,उमेश साहू सिंधवारी,जीतू कुशवाहा जिला महामंत्री,राजेंद्र दांगी,विक्रम सिंह कुशवाह, स्वदेश अहिरवार,अभय दांगी,पहलाद दांगी,देवेंद्र कुशवाहा नरेटा,राजकुमार अहिरवार, बलवीर कुशवाहा बार्ड नं.1अध्यक्ष,उमाशंकर दांगी बहादुरपुर,यसवत सिंह दांगी चिरौली,शिवम दांगी गोदन आदि बहुत से कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे अंत में जसवंत सिंह बघेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जो हमें जिम्मेदारी दी गई उसे हम पूर्ण निष्ठा से साथ संभालेंगे।

खिला मुठवा अतिक्रमण जांच की कार्यवाही पुर्ण

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन घोटी घुसमारा के सामने पुस्तान - पुस्ती, पीढ़ी- दर पीढ़ी, से आखर खिलवा मुठवा है। लेकिन उक्त स्थान पर ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर तथा टीन के छप्पर बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामवासियों के द्वारा विगत वर्षों से कलेक्टर जनसुनवाई के अलावा तहसील कार्यालय में अनेक बार की जा चुकी थी। वही मामला मिडिया में आने के बाद तहसीलदार लांजी ने ग्रामीणों की शिकायत और मिडिया में प्रसारित खबर के मुताबिक पटवारी एव राजस्व निरीक्षक को जमीन का नाप किऐ जाने के आदेश दिए गए। जिस पर राजस्व निरीक्षक भानेगांव रविन्द्र सोमनकर, पटवारी सौरभ श्रीवास्तव अपने दल? बल के साथ पंचायत घोटी घुसमारा पहुंचकर ग्रामीणों की उपस्थिति में शिकायत स्थल का नाप लिया गया। जिसमें पाया गया कि खिलवा मुठवा के पास बनी बाउंड्री वॉल और टीन शेड शासकीय भूमि पर बने हैं। स्थल पंचनामा की कार्यवाही की गई तथा प्रतिवेदन तहसीलदार को पेश किया जाएगा। वही ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम की सांस्कृतिक सामाजिक धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर को सामंजस्यता के साथ स्थाई बनायें रहना चाहिए।

राजवीर जिला कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे

(कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने राजवीर को मनोनयन पर माला पहनाकर दी बधाई)

भिण्ड। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पुरी गोस्वामी द्वारा भिंड जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के सहमति से राजवीर खन्ना को जिला कांग्रेश कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बता दें कि राजवीर काफी समय से संगठन के प्रति ईमानदारी एवं लगन शील तरीके से मेहनत कर रहे थे।जिसको देखते हुए संगठन ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है।वही राजवीर ने कहा कि हम इस दायित्व को संपूर्ण निष्ठा भाव से निभाएंगे एवं संगठन को मजबूत करने का भरपूर प्रयास करेंगे। इस मनोनयन पर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने ना सिर्फ माला पहनाकर बल्कि मिठाई खिलाकर नवनियुक्त समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस बीच मुख्य रूप से रणजीत सिंह गुर्जर,नगर अध्यक्ष ,संजय भूता, अशोक गुप्ता जी वीरप्रकाश श्रीवास्तव, पिंटू शर्मा, योगेश शाक्य,दर्शन सिंह तोमर, अरविंद सोनी,रामगोविंद सिंह राजावत, अमित शिवहरे, विपिन, अरविंद निगम, विक्की, उमाशंकर, देवेंद्र, आदि मोजूद रहे।

ग्राहक यदि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा तो उसका शोषण होता रहेगा

पुष्पांजली टुडे

दतिया जिले में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दतिया जिले के प्रभारी श्री लोकेंद्र मिश्रा जी की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में श्री मिश्रा जी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक ग्राहक है ग्राहक के अपने कुछ अधिकार होते हैं यदि ग्राहक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं रहता है तो उसका शोषण होता रहेगा श्री मिश्रा जी ने बताया कि प्रत्येक वस्तु हम जब भी बाजार से खरीदें उसका बिल अवश्य लें, वस्तु खरीदते समय उस पर एमआरपी और एक्सपायर डेट अवश्य देख लें , केंद्र सरकार के विभागों मैं(बैंक ,पेट्रोल ,गैस, डाकघर नेटवर्क आदि)ग्राहक को कोई परेशानी आए तो वह pgportal.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है आदि महत्वपूर्ण जानकारी श्री मिश्रा जी ने बैठक में उपस्थित लोगों को प्रदान की बैठक में उपस्थित लोगों ने संगठन के कार्य से प्रभावित होकर ग्राहक पंचायत की सदस्यता ग्रहण की और संगठन से जुड़कर कार्य करने की इच्छा प्रकट की इस दौरान दतिया जिला सचिव श्री भगवान सिंह प्रजापति ,हेमंत रावत, श्री संजय कबजू, आकाश शर्मा, विजय उज्जैनिया, श्री सोनू तिवारी, श्री अभिषेक गुप्ता, श्री सुदेश सेन, श्री अमित अग्रवाल , नवीन सेन, कौशल पाठक ,सानू मिश्रा ,संजीव गुवरेले,सक्षम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

लिबर्टी लर्निंग सेंटर की छात्रा लता बनी वर्ग 2 की शिक्षिका

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । स्थानीय बालाघाट रो? लांजी स्थित लिबर्टी कोचिंग सेंटर की छात्रा लता पिता हरिलाल भैसवार को मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक गणित के पद पर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण शहडोल द्वारा जारी नियुक्ति आदेश सूची में माध्यमिक शाला सलिया, जिला उमरिया में पदस्थ किया गया हैं। संस्था की छात्र लता ने अपने चयन का श्रेय इंस्टीट्यूट की टीम को देते हुए कहा कि युवाओं के लिए लिबर्टी कोचिंग मील का पत्थर साबित हो रहा हैं। जिन्होंने समय-समय पर उचित मार्गदर्शन दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार लिबर्टी लर्निंग सेंटर के अधिकांश छात्र - छात्राएं विभिन्न सरकारी नौकरी में चयनित होकर जिले एवं बाहर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही प्रवेश परीक्षाओं पीएनएसटी आदि में सिलेक्शन लेकर कोर्सेस कर रहे हैं।

श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन की संजीवनी है जिसका हम सब को स्मरण करना चाहिए: ओ पी एस भदौरिया

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भाजपा के वरिष्ठ नेता मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन के लिए संजीवनी का काम करती है जिसका हम सबको स्मरण करना चाहिए जो व्यक्ति सच्चे भाव से कथा का रस आनंद प्राप्त करेगा भगवान उसी उसी के हृदय हमें विराजमान हो जाएंगे, यह भवसागर है एवं कथावाचक व्यास जी द्वारा जो श्रीमद् भागवत कथा का आप सभी को अपने मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं का कथा के माध्यम से रसानंद दे रहे हैं जिसे हमें अमृत समझ कर कर पी जाना चाहिए 7 यह उद्गार उन्होंने अमन के आजी माता में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए 7 इस अवसर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया पार्टी के वरिष्ठ नेता कोक सिंह चौहान मनोज शास्त्री पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह चौहान एवं पार्टी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन मौजूद थे ।



राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्री राम कथा यह हमारे जीवन का मुख्य आधार है इस समाज में हमें इसका प्रसार करना चाहिए ताकि हमारी हिंदुत्व भावना और हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान के साथ-साथ सनातन धर्म को मजबूती का काम कर सकें ।

श्रीमद् भागवत कथा में रसपान करा रहे पंडित कथावाचक व्यास जी ने राज्यमंत्री भदौरिया का सम्मान किया और साथ ही श्रीमद् भागवत कथा की आरती में शामिल हुए और इस सफल कार्य के लिए उन्होंने बधाई दी । उन्होंने कहा कथा ही हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसे हम सच्चे मन और भाव से स्मरण करेंगे तो निश्चित ही हमारे शरीर में भगवान रूपी ईश्वरी शक्ति प्राप्ति होगी और हम सनातन धर्म को मजबूती की ओर आगे बढ़ा सकेंगे, ऐसा भाव हम सबके मन में जागृत होना चाहिए ।

श्रीमद् भागवत कथा में राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया भंडारे में प्रसादी में संतों को अपने हाथ से खाना परोसकर आशीर्वाद ग्रहण किया और उन्हें दक्षिणा स्वरूप भेंट भी की द्य उन्होंने भंडारे की व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए भोजन शाला में भी पहुंचे जहां उन्होंने पूर्ण व्यवस्थाओं को भी देखा ।

उमाराम सानपुरा CCF का सेवानिवृति के उपलक्ष पर सीरवी समाज जोधपुर ने किया बहुमान 7

पुष्पांजली टुडे

जोधपुर ¬उमाराम सानपुरा छ्रष्टस्न का सेवानिवृति के उपलक्ष पर ÷सीरवी समाज जोधपुर ने किया बहुमान सानपुरा साहब ने सेवानिवृति के शुभ अवसर को सादगी से मनाते हुए जोधपुर मे निर्माणाधीन श्री आईमाता मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर निर्माण हेतु की एक कमरे की घोषणा। सादा जीवन एवं उच्च विचारों व संस्कारों की साकार मूरत.आदरणीय उमाराम सानपुरा हाल ही मे दिनांक 30.09.2021 को सफलतम राजकीय सेवाओं के साथ छ्रष्टस्न मुख्य वन संरक्षक के पद से जयपुर से सेवानिवृत होने के बाद जयपुर से अपने पैतृक गांव-खेड़ा देवगढ़, पोस्ट नीमाज, तहसील जैतारण, जिला पाली पधारे व गांववासियों द्वारा तहेदिल से स्वागत सत्तकार के पश्चात उमाराम अपने जोधपुर स्थित निवास पर पधारने पर दिनांक 07.10.2021 को ÷सीरवी समाज जोधपुर द्वारा हार्दिक स्वागत सत्तकार किया गया। सीरवी समाज जोधपुर की तरफ से कार्यक्रम मे उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी गोपाराम काग सेवानिवृत मुख्य अभियंता ने उमाराम सानपुरा साहब को साफा पहनाकर तथा सीरवी समाज जोधपुर के समन्वयक पन्नालाल हाम्बड़ साहब ने माल्यार्पण कर उमाराम सानपुरा साहब का सामाजिक बहुमान किया।

कहते है कि पुरुष की हर कामयाबी के पीछे महिला का हाथ होता है । उमाराम सानपुरा की धर्मपत्नी पानी देवी का स्वागत किया ।जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के नियंत्रण (वित्त)- ओमप्रकाश जांजावत की धर्मपत्नी मांगीदेवी ने शॉल ओढाकर तथा सीरवी समाज जोधपुर के पूर्व सचिव एवं सीरवी सन्देश के सम्पादक नारायणलाल कोटवाल की धर्मपत्नी माडीदेवी ने माल्यार्पण कर सामाजिक बहुमान किया। उमाराम सानपुरा ने अपनी 38 वर्षो की राजकीय सेवाओं का कुशलतापूर्वक सफर पूर्ण करने की अति महत्वपूर्ण खुशी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित नही कर सादगी से सेवानिवृति समारोह मनाने के साथ ही शिक्षा एवं मानवीय सेवाओं मे अपने धन का सदुपयोग करने का प्रेरणात्मक निर्णय लिया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ग्राम नाबली में कार्यक्रम आयोजन...

केशब पंडित जी अम्बाह...??

अम्बाह.... अम्बाह के ग्राम नाबली मेंराज्य बिधिक सेबा कार्यक्रम एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश श्री शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे दिनांक 02/10/2021 से दिनांक 14/11/2021 तक आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज दिनांक 12/10/2021 को ग्राम पंचायत भवन नावली में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह श्रीमती मीनाक्षी दंदेलिया द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पेनल अधिवक्ता श्री नवनीत शुक्ला एवं पैरालीगल वोलेटियर श्रीमती मनोज भदौरिया, शासकीय हाईस्कूल में पदस्थ प्रधान अध्यापक श्री रामदास मिश्रा एवं अध्यापकगण एवं छात्र/छात्रायें, ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच भी उपस्थित रहे एवं अन्य ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

वन-टू-वन

गोहद मौ नगर में शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने के संबंध में तहसीलदार मौ रवीश भदोरिया जी को पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव ने ज्ञापन दिया एवं साथ में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव जी पूर्व पार्षद सुल्तान मौर्य मंडल भाजपा महामंत्री राजू मिश्रा सोमबीर शिवहरे नीटू यादव दीपक यादव ग्रामीण एवं नगर के नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

महिला ने मन्नत पूरी होने पर जीभ काटकर भेंट चढाई

भोपाल। प्रदेश के प्रख्यात मैहर के मां शारदा भवानी के मंदिर में एक 25 वर्षीय म?हिला ने मन्नत पूरी होने पर अपनी जीभ काटकर चढा दी। घटना सोमवार की बताई जा रही है जिसके बाद मंदिर प्रांगण में हड़कंप मच गया। महिला का नाम रामा बंसल है जो कि रायगढ़ थाना देवेंद्र नगर जिला पन्ना की रहने वाली है। जिसने मन्नत को लेकर के जीभ काटी थी। स्वास्थ्य शिक्षा के अधिकारियों एवं समिति के डॉ नरेश निगम ने जांच पड़ताल की और बताया कि उसकी हालत ठीक है कोई खतरा नहीं है लेकिन स्वजन अस्पताल ले जाना नहीं चाह रहे है थे। मेला प्रांगण में ही आरती के बाद पुलिस प्रशासन की हिदायत के बाद सभी डॉक्टर को दिखाने राजी हुए जहां मौजूद डॉक्टर ने महिला की हालत खतरे से बाहर बताई। इस वर्ष नवरात्र में जीभ काटकर भेंट करने की यह तीसरी घटना सामने आई है। इसे लेकर प्रशासन पहले ही अलर्ट था लेकिन लोग अपने जेब मे ब्लेड जैसी घातक वस्तु लेकर प्रवेश कर जाते हैं। इन घटनाओं से मंदिर में भय और भगदड़ माहौल भी बन जाता है। सोमवार को ही जीभ काटकर चढ़ाने की दो घटनाएं हुई जिसमें पहली सुबह और दूसरी रात की घटना है। दोनों घटनाओं में यह चर्चा का विषय जरूर रहा कि जीभ काटकर भेंट करने वाला सामान्य इलाज के बाद घर लौट गया। मालूम हो? कि मैहर में मां शारदा देवी मंदिर में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इन श्रद्धालुओं में से कुछ ऐसे भी हैं जो मां की भक्ति में इतने लीन है कि उनकी आस्था पर अंधविश्वास भी भारी पड़ रहा है।

बाघों की दहाड़ से वनकर्मी, मजदूर और राहगीर दहशत में

भोपाल। राजधानी से सटे जंगलों में बाघों की दहाड़ से वनकर्मी, मजदूर और राहगीर दहशत में हैं। इन वन क्षेत्रों में बाघ अपनी मौजूदगी का अहसास समय- समय पर कराते रहते हैं। बाघों के कुनबा की मौजूदगी कलियासोत, मेंडोरा, केरवा चौकी, चंदनपुरा क्षेत्रों में बताई जा रही है। इन क्षेत्रों में बाघों की दहाड़ आए दिन इन क्षेत्रों से गुजरने वाले राहगीर,यहां काम करने वाले मजदूर और वनकर्मियों को सुनाई देती है। बाघों की दहाड़ से वनकर्मी और मजदूर तो अभ्यस्त हो गए हैं, लेकिन कई बार दहाड़ों को सुनकर राहगीर असहज हो जाते हैं और यह मान लेते हैं कि बाघ जंगल से बाहर निकल आए हैं। यहीं से मुश?किल बढ़ जाती है। दरअसल, 13 शटर गेट से जागरण लेकसिटी की तरफ जाने वाले क्षेत्रों में बाघों की दहाड़ सुनकर सोमवार को कुछ राहगीरों ने वन विभाग को खबर दे दी कि बाघ बाहर निकल आए हैं। इस पर वन विभाग अलर्ट हो गया। मौके पर पूरा अमला भेजा गया। सर्चिंग शुरू कराई गई। करीब चार घंटे तक पूरे क्षेत्र में सर्चिंग चली। शाम पांच बजे वन विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा की तो पाया कि बाघ बाहर नहीं निकले हैं, बल्कि अंदर ही कवर्ड एरिया में मूवमेंट है, जहां कि रोजाना रहता है। इसके बाद सर्चिंग बंद कर दी गई और सूचना देने वालों को दूरभाष पर बता दिया कि अगली बार से भय रखने की जरूरत नहीं है क्योंकि बाघों का मूवमेंट कवर्ड क्षेत्र में ही है और कोई भी बाघ बाहर नहीं निकला है। यह स्थिति आए दिन बन रही है जो वन विभाग के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। मालूम हो ?कि भोपाल के केरवा, कलियासोत, मेंडोरा, बुलमदर फार्म, संस्कार वैली स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में बाघों को मूवमेंट हमेशा से रहा है। वन विभाग के समरधा रेंजर शिवपाल पिपलदे ने बताया कि दो से तीन बाघों का स्थाई मूवमेंट रहा है, जिस पर वन अमला चौबीस घंटे नजर रखे हुए हैं। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं छोड़ रहे हैं। आम लोगो, राहगीरों, मजदूरों को भी लगातार सलाह दी जा रही है कि शाम होने के बाद क्षेत्रों में बिल्कुल प्रवेश न करें। आवागमन के लिए दूसरे वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें। दहाड़ सुनकर न डरें।

भांजे की शादी में शिकारत करने पेनसिल्वेनिया पहुंचे राष्ट्रपति जो बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेनसिल्वेनिया में अपने भांजे कफ ओवेंस की शादी में शिरकत की। इसके बाइडेन वाशिंगटन के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी जिल बाइडन भी विवाह समारोह में पहुंचीं। कफ ओवेन्स, बाइडन की बहन वालेरी बाइडन ओवेंस के बेटे हैं। कफ की शादी मेगन ओटूल किंग के साथ हुई, जो अमेरिकी रियलिटी शो 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ ऑरेंज काउंटी में नजर आ चुकी हैं।वहीं, ओवेंस एक अटॉर्नी हैं। विवाह समारोह का आयोजन वालेरी बाइडन ओवेंस के घर पर किया गया था। किंग ने ओवेन्स के साथ सितंबर में एक तस्वीर साझा करते हुए अपने संबंध की जानकारी साझा की थी। किंग की यह दूसरी शादी है, इससे पहले उन्होंने सेवानिवृत्त एमएलबी खिलाड़ी जिम एडमंड्स से शादी की थी।

हर मनोकामना यहां होती पूरी, सोने की तरह दमकता रणकौशला देवी का स्वरूप

पाकिस्तान के हिंगलाज से आई थीं रणकौशला देवी

मान्यता है कि आल्हा-उदल के चचेरे भाई मलखान को तलवार भेंट कर युद्ध में दिलाती थीं विजय

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

दबोह । माता सती के 51 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ हिंगलाज भवानी है। माता का यह मंदिर पाकिस्तान में स्थित है। 11वीं शताब्दी में बुंदेलखंड के वीर योद्धा आल्हा-उदल के चचेरे भाई मलखान पर हिंगलाज देवी की कृपा थी। मलखान, हिंगलाज से माता को अपने साथ लेकर आए थे। वीर यौद्धा मलखान, युद्ध में जाने से पहले हिंगलाज देवी की पूजा-अर्चना करते थे। ऐसा कहा जाता है कि माता स्वयं अपने हाथ से मलखान को तलवार दिया करती थीं। इसलिए रणकौशला देवी के नाम से पूजी जाती हैं।

यहां बता दें कि भिंड जिले के दबोह कस्बे से दो किलोमीटर दूरी पर स्थित अमाहा गांव के नजदीक मां रणकौशला देवी का मंदिर है।नवदुर्गा उत्सव में मां रणकौशला की पूजा-अर्चना करने के लिए देश विदेश से श्रद्धालु आते है। यह माता का एक ऐसा मंदिर है जहां माता की प्रतिमा सोने जैसी चमकती है। माता के एक

हजार साल पुरानी प्रतिमा है। यह मंदिर का निर्माण चंदेल राजाओं द्वारा कराया गया था। मंदिर के पुजारी हलधर पंडित के मुताबिक आल्हा-उदल के चचेरे भाई सामंत वीर मलखान व उनकी पत्नी गजमोतिन माता की परम भक्त थीं। वे दोनों माता को हिंगलाज से लेकर आई थीं।

वीर मलखान का पहूज नदी के किनारे सिरसा ग? नामक रियासत हुआ करती थी। पहूज नदी की बीह? में आज भी इस रियासत के अभिशेष मिलते है। मंदिर परिसर में एक बाव?ी है स्थानीय लोगों के मुताबिक मंदिर परिसर की बाव?ी का सीधा रास्ता सिरसा ग? से जु?ा है। एक बाव?ी सिरसा ग? में भी है। इसी बाव?ी के रास्ते से वीर मलखान अपनी पत्नी गजमोतिन के साथ पूजा-अर्चना के लिए आया करते थे। मलखान और दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान के बीच युद्ध हुआ था। पृथ्वी राज के सेनापति से मलखान के साथ छल किया था। जिससे मलखान युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

पत्थर से अष्टधातु का लिया स्वरूप: पंडित हलधर का कहना है कि सन् 1998 में श्रीनगर से कारीगर आए थे। इन कारीगरों कने मां ने दर्शन दिए थे। मां ने कहा था कि मेरा स्वरूप काफी पुराना हो गया है। पाषाण प्रतिमा को अष्टधातु की प्रतिमा में बदलना है। यह प्रेरणा के साथ जब कारीगरों ने मंदिर प्रबंधन को बताया तो पाषाण प्रतिमा को अष्टधातु की परत चढ़ाई गई। इस तरह मां का स्वरूप सोने जैसा दमकने लगा है।

श्रद्धा से पूजा करने पर मां करती हर मनोकामना पूरी: मां रणकौशला देवी को स्थानीय लोग रेहकोला देवी के नाम से भी पूजते है। माता का यह सिद्धदात्री स्वरूप है। वो शत्रु पर विजय दिलाने के साथ ही हर मनोकामना पूरी करती है। सबसे ज्यादा लोग माता से संतान प्राप्त की इच्छा के साथ आते है। मां की कृपा से गोद हरीभरी होने पर पालना च?ाने का रिवाज है। इसके अलावा यहां लोगों की मनोकामना पूरी होने पर जवारे, श्रृांग च?ाई जाती है। यहां पूजा-अर्चना के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं।साथ ही मन्दिर पर नवमी को विशाल मेले का भी आयोजन होता है जिसमे हजारों लोग पहुंचते हैं।

मां की कृपा से वीर मलखान के शरीर हो गया था वज्र की तरह कठोर: ऐसी किविदंति है कि जब आल्हा-उदल के भाई सिरसा ग? के सामंत वीर मलखान का पृथ्वी राज चौहान से युद्ध हुआ था। उसे पहले मां रणकौशला ने मलखान का शरीर वज्र की तरह कठोर बना दिया था, परंतु माता की नजर पैरों के तले पर नहीं प? सकी, इसलिए पैर के पंजे कमजोर रहे। मलखान पर अस्त्र और शस्त्र के प्रहार का कोई असर नहीं होता था। यह बात पृथ्वी राज चौहान को पता चली। इस पर व्यू रचना की गई और जमीन के अंदर श्रृंग (नुकीले हथियार) ग?वाए गए।

एम्स भोपाल में 50 रुपए तक की जांचें मुफ्त

एक्सरे, सीबीसी, यूरिन रुटीन जैसी जांचों का अब नहीं लगेगा पैसा

सीनियर सिटीजन के लिए सोशल वर्कर होंगे तैनात

भोपाल। भोपाल एम्स में 50 रुपए से कम की सभी जांचें अब मुफ्त होंगी। यह सुविधा अस्पताल आने वाले मरीजों को एक सप्ताह में मिलने लगेगी। सोमवार को भोपाल एम्स के अध्यक्ष वाईके गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया। गुप्ता ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों के फीस जमा करने में लंबी लाइनों में लगने की समस्या को खत्म करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसका एक सप्ताह के अंदर नोटिफिकेशन जारी कर लागू किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के लिए भी एक कम्प्यूटर प्रोग्राम बना रहे है। जिससे मरीजों को उस पर ही रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही उपलब्ध कराने की सुविधा पर भी काम कर रहे है। एम्स भोपाल की वेबसाइट पर पैथॉलाजी, माइक्रोबायलॉजी और बायोकैमेस्ट्री की जांचों की सूची के अनुसार 41 जांच 50 रुपए तक होती है। इसके अलावा रेडियोलॉजी विभाग समेत अन्य की जांच शामिल है।

सीनियर सिटीजन के लिए भी सुविधा: एम्स में रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में लगे सीनियर सिटीजन को सुविधा आसानी से और बिना तकलीफ ना हो। इनके लिए सोलर वर्कर्स तैनात होगी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह सोशल वर्कर सुबह राउंड लगाएंगे। किसी भी लाइन में सीनियर सीटिजन या बच्चे के साथ महिला दिखाई देंगी तो उनको निकाल कर आगे लाकर सहायता उपलब्ध कराएंगे।

ओपीडी का समय भी बढ़ेगा: एम्स का अभी ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से 2 बजे तक का है। इसको भी बढ़ाने का निर्णय हुआ है। हालांकि यह समय 30 मिनट या 1 घंटा बढ़ेगा इसको लेकर जल्द निर्णय लिया जाएगा। साथ ही रजिस्ट्रेशन के लिए काउंटर की संख्या भी बढ़ेंगे। एम्स में अभी 13 ऑपरेशन थिएटर संचालित है। इसके अलावा और भी ओटी शुरू होगे। ओटी टेक्निशयन की ट्रेनिंग इच्छुक नर्सिंग स्टाफ को दी जाएगी। दरअसल पहले एनेस्थिसिया डॉक्टर ना होने से ओटी शुरू नहीं हो पा रहे थे। फिर डॉक्टर आने पर ओटी टेक्निशियन नहीं मिले। इसलिए प्रबंधन ने अब टेक्निशियन की कमी को दूर करने के लिए नया निर्णय लिया है। इसके अलावा अस्पताल के प्रत्येक फैक्लटी मैंबर को न्यूनतम प्रशासन की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

अस्पताल की फॉर्मेसी में सभी दवा होगी उपलब्ध: अस्पताल की जेनेरिक दवा की फार्मेसी में सभी दवा ना मिलने और लंबी लाइन में लगने की मरीजों की परेशानी को लेकर डॉ. गुप्ता ने एम्स अधीक्षक को 10 दिनों में समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया। एम्स के बड़े परिसर में जांच और रिपोर्ट लेने जाने के लिए मरीज और उनके परिजनों की परेशानी भी दूर होगी। इसके लिए परिसर में लैब, वार्ड में साइन बोर्ड लगेंगे। जिससे आसानी से संबंधित जगह पर पहुंचा जा सकेंगा।

पैरामेडिकल स्कूल खुलेगा बरई में: एम्स डायरेक्टर डॉ. सरमन सिंह ने बताया कि स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ और पैरामेडिकल स्कूल बरई में 20 एकड़ जमीन में भोपाल एम्स में खुलेंगा।

कांग्रेस के बागी दीपक भूरिया ने नाम वापस लिया

कांतिलाल और बाला बच्चन घर पहुंचे, कमलनाथ के आश्वासन पर मानें

भोपाल। जोबट उपचुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज निर्दलीय पर्चा भरकर कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाले दीपक भूरिया ने अपना नाम वापस ले लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की समझाइश के बाद दीपक भूरिया ने नाम वापस लिया है। भूरिया यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और जोबट से कांग्रेस उम्मीदवार महेश पटेल के साथ नामांकन वापस लेने पहुंचे। पूर्व विधायक कलावती भूरिया के भतीजे दीपक ने टिकट नहीं मिलने के बाद कलावती भूरिया के सम्मान में निर्दलीय चुनाव लडऩे का ऐलान कर दिया था। दीपक के मैदान से हटते ही कांग्रेस के महेश पटेल और बीजेपी से सुलोचना रावत के बीच सीधा मुकाबला हो गया है। वैसे यहां से अब 8 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापस लेने वाले भूरिया ने कहा कि कमलनाथ जी का कलावती भूरिया को लेकर विशेष स्नेह और आशीर्वाद रहा है। मैंने कलावती भूरिया के सम्मान में यह लड़ाई लडऩे की तैयारी की थी, लेकिन पूर्व सीएम कमलनाथ ने मुझे आश्वासन दिया है। उनके कहने पर नामांकन वापस ले रहा हूं। भूरिया परिवार कांग्रेस के साथ था और हमेशा रहेगा।

कांग्रेस कलावती भूरिया के सपनों को पूरा करेगी

कांग्रेस उम्मीदवार महेश पटेल ने कहा - मैंने पहले ही कहा था कि दीपक कांग्रेस के युवा नेता हैं। हम उन्हें मना लेंगे। फॉर्म भरने के बाद उन्होंने कहा था कि मैं नाम वापस ले लूंगा। भाजपा ने सुलोचना रावत को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस एकजुट होकर यहां से भारी मतों से जीतेगी और कलावती भूरिया के सपनों को पूरा करेगी।

37 करोड़ रुपए का इनामी दुर्दांत आईएस आतंकी सामी जसीम इराक की गिरफ्त में

बगदाद। इराक सीमा पर दुर्दांत आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक शीर्ष नेता को गिरफ्तार किया गया है। इराक ने कहा कि उसने लंबे समय तक अल-कायदा के सीमा क्रॉस-बॉर्डर ऑपरेशन करने वाले एक सदस्य को हिरासत में लिया है। इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कादीमी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सामी जसीम के रूप में हुई है। ये आतंकी अबू बक्र अल-बगदादी के अंडर में रहते हुए आईएस के एक डिप्टी लीडर के रूप में काम करता था। अल-कदीमी ने आतंकी को गिरफ्तार करने के लिए चलाए गए इराकी बलों के अभियान को सबसे कठिन सीमा पार खुफिया अभियानों में से एक के रूप में बताया है। जसीम के सिर पर यूएस स्टेट डिपार्टमेंट के रिवार्ड्स फॉर जस्टिस प्रोग्राम ने 5 मिलियन (37 करोड़ रुपए) का इनाम रखा हुआ था। इसने बताया कि ये आतंकी इस्लामिक स्टेट आतंकवादी अभियानों के लिए वित्त प्रबंधन में सहायक के रूप में भी काम करता था। स्टेट डिपार्टमेंट ने बताया, जसीम 2014 में दक्षिणी मोसुल में आईएस डिप्टी के रूप में काम करता था। आतंकी ने कथित तौर पर आईएस के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। ये तेल, गैस, पुरावशेषों और खनिजों की अवैध बिक्री से मिलने वाले पैसे की निगरानी करता था। इराकी खुफिया अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि जसीम को एक पहचाने गए विदेशी देश में हिरासत में लिया गया था और कुछ दिन पहले इराक में लाया गया था। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बात की क्योंकि वे रिकॉर्ड पर इस ऑपरेशन को लेकर बातचीत नहीं कर सकते हैं। जसीम ने इराक के नेता अबू मुसाब अल-जरकावी के साथ अल-कायदा में काम किया। अबू मुसाब अल-जरकावी जॉर्डन का एक आतंकवादी था, जो 2006 में इराक में अमेरिकी हवाई हमले में मारा गया था। आतंकी सामी जसीम ने इराक में इस्लामिक स्टेट के तहत विभिन्न सुरक्षा पदों पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया।

कैलिफोर्निया हवाई दुर्घटना में भारतीय मूल के डॉक्टर समेत दो लोगों की जान गई

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में हवाई हादसे में भारतीय मूल के हार्ट रोग विशेषज्ञ समेत दो लोगों की जान चली गई और दुर्घटना के कारण पास के मकानों में आग लग गई जिससे काफी क्षति हुई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। अरिजोना के युमा रीजनल मेडिकल सेंटर (वाईआरएमसी) के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुआ दो इंजन का यह विमान संस्थान में कार्यरत डॉ. सुगाता दास का ही था। सोमवार को हुए हादसे में दास की भी मौत हो गई है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि हादसे के वक्त दास विमान चला रहे थे या नहीं। वाईआरएमसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी भरत मागू ने एक बयान में कहा, 'स्थानीय हृदय रोग विशेषज्ञ सुगाता दास के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। विमान सैंटी (कैलिफोर्निया) के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।'

मागू ने कहा, 'वह एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ और परिवार के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। इस मुश्किल वक्त में हम उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों के प्रति संवेदना जताते हैं।' सैंटी में संताना हाई स्कूल के पास हुए हादसे के बाद आग लगने से दो मकान जलकर खाक हो गए और पांच अन्य मकानों एवं कई वाहनों को क्षति पहुंची। हालांकि आग अन्य मकानों तक फैलती, उससे पहले ही दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में मारा गया अन्य व्यक्ति एक यूपीएस कर्मी था जो घटना के वक्त जमीन पर काम कर रहा था।

दुनिया में अस्थिरता की 'मूल जड़' अमेरिका: किम जोंग उन, उत्तरकोरियाई शासक

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन ने दुनिया की सभी समस्याओं के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। सरकारी एजेंसी के अनुसार, किम जोंग ने एक रक्षा प्रदर्शनी समारोह में भाषण देते हुए अमेरिका को अस्थिरता की 'मूल जड़' बताया। प्योंगयांग अपने परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। किम जोंग उन ने 'सेल्फ-डिफेंस 2021' प्रदर्शनी में कहा, 'मैं ये जानने के लिए बहुत उत्सुक हूं कि क्या ऐसे लोग या देश हैं, जो खुद ये मानते हैं कि उनके किए कार्यों में शत्रुता रखने जैसा कोई इरादा नहीं है।' दोनों देशों के पीछे तनाव की दूसरी वजह दक्षिण कोरिया भी है, जो

अमेरिका का करीबी सहयोगी है लेकिन उत्तर कोरिया का कट्टर दुश्मन है।

अमेरिका ने सियोल (दक्षिण कोरिया की राजधानी) में अपने 28,500 सैनिकों को तैनात किया है, ताकि उत्तर कोरिया से लड़ाई के वक्त दक्षिण कोरिया की रक्षा की जा सके। इस मामले में किम ने कहा, 'सैन्य शक्ति को मजबूत करने के अप्रतिबंधित और खतरनाक प्रयास कोरियाई प्रायद्वीप पर सैन्य संतुलन को नष्ट कर रहे हैं और सैन्य अस्थिरता और खतरे को बढ़ा रहे हैं।' साल 2017 में उत्तर कोरिया ने ऐसी मिसाइलों का परीक्षण किया था, जो पूरे अमेरिका महाद्वीप तक पहुंच सकती हैं और अब तक के अपने सबसे शक्तिशाली परमाणु विस्फोट को अंजाम दे सकती हैं। प्योंगयांग का कहना है कि उसे अमेरिकी आक्रमण से खुद को बचाने के लिए हथियारों की आवश्यकता है। जबकि जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनने के बाद बार-बार कहा है कि अमेरिका का उत्तर कोरिया से दुश्मनी का कोई इरादा नहीं है। किम ने ऐसे वक्त पर भाषण दिया है, जब हाल ही में उत्तर कोरिया ने ट्रेन से पहली बार लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया है। इसे एक हाइपरसोनिक वारहेड बताया गया है। साल 2018 में किम ऐसे पहले उत्तर कोरियाई नेता भी बने थे, जो सिंगापुर शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति से मिले थे। इस दौरान ये शर्त रखी गई कि अगर उत्तर कोरिया अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे, तो अमेरिका उसपर लगे प्रतिबंधों को हटा देगा। बाइडेन प्रशासन का कहना है कि वह कभी भी किसी भी समय बिना पुरानी शर्तों को ध्यान में रखे परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशों के तहत उत्तर कोरियाई नेताओं के साथ मिलने को तैयार है।

ताइवान के शक्ति प्रदर्शन से चीन बौखलाया, साउथ चाइना सी में किया कब्जे का अभ्यास

बीजिंग। स्वाभिमानी ताइवान के चीन को धता बताते हुए अपने नेशनल डे पर शक्ति प्रदर्शन किया। ताइवान का यह प्रदर्शन चीन को रास नहीं आया और खुन्नस में उसने दक्षिण चीन सागर में इस द्वीप पर कब्जे का अभ्यास किया है। चीनी सेना ने कहा कि उसने ताइवान तट के ठीक सामने मुख्यभूमि पर तटों पर पीएलए सैनिकों को उतारने का अभ्यास किया है। चीन ने यह अभ्यास ऐसे समय पर किया है जब ताइवान ने 10 अक्टूबर को अपने नेशनल डे पर जोरदार शक्ति प्रदर्शन और आतिशबाजी की थी और दोनों के बीच हालात बहुत तनावपूर्ण हैं। ताइवान एक अक्टूबर से लेकर अब तक सैंकड़ों बार अपने फाइटर जेट भी ताइवान की हवाई सीमा के पास भेजे हैं। पीएलए के आधिकारिक समाचार पत्र ने बताया कि यह कब्जे का अभ्यास हाल ही में फुजियान प्रांत में किया गया है जो ताइवान के ठीक सामने पड़ता है। दक्षिण चीन सागर में ताइवान और चीन को एक संकरा समुद्री इलाका अलग करता है। इसमें कहा गया है कि चीनी सेना ने कई बार हमला करके तटों पर कब्जा करने का अभ्यास किया। पीएलए ने इस अभ्यास के बारे में और ज्यादा जानकारी नहीं दी है। पीएलए की ओर से जारी वीडियो में सैनिकों को दिखाया गया है जो छोटी छोटी नावों में सवार हैं। इस दौरान धुंआ छोड़ने वाले ग्रेनेड दागे गए ताकि विरोधी उन्हें देख नहीं सकें। ताइवान के बेहद करीब होने के कारण चीन फूजियान से ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है। इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कब्जे वाली धमकी के बाद ही ताइवान ने शक्ति प्रदर्शन किया था। ताइवानी नेशनल डे के अवसर पर राजधानी ताइपे में भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया।

मंत्री बनने के बाद पहली बार परिवार सहित आए सिंधिया: कटोराताल छत्री पर दादी विजयाराजे सिंधिया को अर्पित किए पुष्प

ग्वालियर। केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद यह पहला मौका है जब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी मां, पत्नी, बेटे सहित पूरे परिवार के साथ ग्वालियर आए हैं। मौका भी उनकी दादी और भाजपा की वरिष्ठ नेता राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती का था। सुबह 8.30 बजे वह विशेष विमान से ग्वालियर पहुंचे। इसके बाद वह अम्मा महाराज की छत्री पर आए।

यहां पहले से ही उनके स्वागत के लिए प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा खड़े दिखाई दिए। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने सबसे पहले विजयाराजे सिंधिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वह अपने पूरे परिवार के साथ परिसर में आयोजित भजन कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। काफी देर तक यहां बैठने के बाद वह जयविलास पैलेस के लिए रवाना हो गए हैं। दोपहर 12.20 बजे वह ग्वालियर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। कटोराताल छत्री पर पत्नी प्रियदर्शनी राजे का हाथ थामे हुए सिंधिया, प्रियदर्शनी राजे के पैर में चोट है और उन्हें पल-पर सहारा देते नजर आए

कटोराताल छत्री पर पत्नी प्रियदर्शनी राजे का हाथ थामे हुए सिंधिया, प्रियदर्शनी राजे के पैर में चोट है और उन्हें पल-पर सहारा देते नजर आए: मंगलवार (12 अक्टूबर) को भाजपा की आधारशिला रखने वाली वरिष्ठ नेता ओर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की दादी विजयाराजे सिंधिया की जयंती है। इस मौके पर कटोराताल स्थित अम्मा महाराज की छत्री पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यहां आने वाले सभी रास्तों पर ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है। दादी की जयंती समारोह और भजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केन्द्रीय नागरिक उड्?डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार सुबह 8.30 बजे दिल्ली से फ्लाइट के जरिए ग्वालियर पहुंचे हैं।

उनके केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार परिवार भी साथ ग्वालियर आया है। केन्द्रीय मंत्री के साथ उनकी मां माधवीराजे सिंधिया, पत्नी प्रियदर्शनी राजे, बेटा महाआर्यमान सिंधिया आए हैं। एयरपोर्ट से वह सीधे जयविलास पैलेस पहुंचे और वहां से 10 मिनट बाद ठीक 9 बजे कटोराताल स्थित छत्री पहुंचे हैं। यहां सबसे पहले विजयाराजे सिंधिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उनकी मूर्ति के चरण स्पर्श कर सपरिवार आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद लेने के बाद वह भजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वह काफी गंभीर भाव में बैठे नजर आए। भजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जयविलास पैलेस के लिए रवाना हो गए हैं।

इस बार मास्क पहले थे अनूप मिश्रा: जब केन्द्रीय मंत्री सिंधिया कटोराताल अम्मा महाराज की छत्री पहुंचे तो उनकी आगवानी के लिए प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा व पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा के अलावा कई बड़े नेता नजर आए।

नैनो न्यूज

देवर ने विधवा भाभी को छेड़ा शिकायत करने पर घर से निकाला

ग्वालियर। शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित पारस विहार कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने भाई की करंट लगने से दो माह पहले हुई मौत के बाद ही अपनी विधवा भाभी के साथ छेड़छाड़ कर दी। महिला ने जब ससुराल वालों से शिकायत की तो उसे घर से निकाल दिया गया ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र के पारस विहार कॉलोनी में रहने वाली 21 साल की एक महिला के पति की 11 अगस्त को करंट लगने से मौत हो गई थी ।पति की मौत के बाद से ही उसका देवर गलत नियत रखने लगा था। बीते रोज महिला को अकेला देख देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। महिला ने जब ससुराल में इसकी शिकायत की तो उन्होंने धमकी देकर उसे घर से निकाल दिया ।इसके बाद महिला अपने भाई के साथ थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

युवक फांसी पर झूला

ग्वालियर। शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में स्थित तिघरा रोड खटीक मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला निवासी विनोद धानुक 35 साल ड्राइवरी करता था । बीती शाम वह।घर आया और कमरे में आकर फांसी पर झूल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ग्वालियर। पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में बाइक पर जा रहे एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हजीरा थाने की यादव धर्म कांटा के पास रहने वाले रूप सिंह लोधी आज बाइक से पुरानी छावनी क्षेत्र में सीएनजी पेट्रोल पंप के पास जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया ।घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायल को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मराठी शरद व्याख्यानमाला 17 से

ग्वालियर. मराठी शरद व्याख्यानमाला का आयोजन 17 से 30 अक्टूबर तक वीरांगना लक्ष्मीबाई सागर नई सड़क पर आयोजित किया जाएगा ।प्रवक्ता निशिकांत सुरंगे के अनुसार प्रथम दिन समर्थ प्राप्त उपेंद्र शिरगांवकर कीर्तन परंपरा प्रकार एवं आवश्यकता विषय पर व्याख्यान देंगे ।अगला दिन 12 वर्ष के बच्चों के लिए शुभ करोति कार्यक्रम में बच्चे 5 मनाचे श्लोक प्रस्तुति देंगे। तीसरे दिन कोजागिरी के उपलक्ष में मराठी कवि सम्मेलन होगा। जिसकी संयोजिका डॉ उमा कंपू वाले होंगे ।चौथे दिन व्याप्ति उमेडकर का सकारात्मक दृष्टिकोण विषय पर तथा डॉ तुषार फिजियो थेरेपी का महत्व एवं आवश्यकता विषय पर व्याख्यान होगा ।पांचवें दिन शिक्षाविद अरविंद उमरेडकर शरद व्याख्यानमाला की रूपरेखा प्रस्तुत एवं लोगों का योगदान विषय पर व्याख्यान देंगे ।छठवें दिन पर्यावरण वह हमारा दैनिक योगदान विषय पर मेघदूत परचुरे का व्याख्यान होगा। सातवें दिन सदानंद सप्रे के राष्ट्र सर्वोपरि विषय पर व्याख्यान के साथ ही व्याख्यानमाला का समापन होगा।

28 साल पुरानी रंजिश पर फिर चली गोलियां: खेत पहुंचे युवक पर झाड़ियों में छुपे हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी

कमर के नीचे गोली लगने पर वह ट्रैक्टर से नीचे गिरा, बदमाश मरा समझकर छोड़ गए

ग्वालियर। ग्वालियर में 28 साल से चली आ रही खूनी रंजिश के चलते एक बार फिर ताबड़तोड़ गोलियां चली हैं। इस रंजिश में दो की हत्या, 6 से ज्यादा बार गोलियां चलने से लोग घायल हो चुके हैं। मंगलवार सुबह ट्रैक्टर लेकर खेत के लिए निकले जितेन्द्र को झाड़ियों में छुपे हमलावरों ने घेर लिया। वह गाड़ी से उतर पाता उससे पहले ही ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दिया। एक गोली जितेन्द्र की पीठ और कूल्हे के नीचे लगी है और वह ट्रैक्टर से जमीन पर गिर पड़ा। इसी बीच जितेन्द्र के परिजन पहुंचे और बचाव के लिए गोलियां चलाईं। नीचे गिरे युवक को मृत समझकर हमलावर भाग गए। घायल के परिजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल को लेकर छ्वा के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे हैं। घायल की हालत गंभीर है। पुलिस ने स्थिति को संभाला है। हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिन पर हमला करने का आरोप है कि उनके परिवार के एक सदस्य सिकंदर लोधी की

13 मई 2020 को मुरार के जड़ेरूआ में घेरकर हत्या की गई थी। महाराजपुरा के गिरगांव निवासी जितेन्द्र सिंह गुर्जर (32) पुत्र दर्शन सिंह गुर्जर किसान है। मंगलवार सुबह वह घर से ट्रैक्टर लेकर खेत के लिए निकला था। अभी वह खेत पर पहुंचा ही था कि तभी अचानक 10 से 12 के लगभग हमलावरों ने उसे चारों तरफ से घेरकर फायरिंग कर दी। फायरिंग का पता चलते ही अन्य परिजन वहां पर पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी फायरिंग की। इधर गोली लगने से जितेन्द्र ट्रैक्टर से जमीन पर आ गिरा। दूसरी तरफ से फायरिंग होते देखकर हमलावर वहां से भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन ने इलाज के लिए घायल को तत्काल जयारोग्य अस्पताल पहुंचाया है। डॉक्टर ने घायल का इलाज शुरू कर दिया है। हमला करने वालों में पड़ोसी जिरेना गांव को लोधी परिवार बताया गया है। दोनों परिवारों के बीच करीब 28 साल से रंजिश चली आ रही है।

हमलावरों में इनके नाम बताए: घायल के परिजन ने पुलिस को हमलावरों के नाम हरेन्द्र लोधी, श्रीकृष्ण नरवरिया, भगवान सिंह लोधी, दीपक लोधी, रामलाल लोधी, टीकाराम लोधी, हरगोविन्द लोधी, अजब सिंह, राजकुमार व तीन अन्य के नाम बताए है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर बताए गए आरोपियों के घरों पर टीमें रवाना कर दी है।

बिड़ला हॉस्पिटल से 80 हजार चोरी: ऑपरेशन के लिए जेब में रखे थे रुपए

ग्वालियर। ग्वालियर के बिड़ला हॉस्पिटल में पिता का ऑपरेशन कराए आए बेटे के 80 हजार रुपए पेंट सहित पार करने वाले चोरों के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज सामने आए हैं। वारदात रविवार दोपहर की है। शाम को ऑपरेशन होना था। बड़े बेटे ने पेंट की जेब में रुपए रखे थे। दोपहर में जब वह नहाने गया तो छोटे भाई को बाहर कपड़ों के पास बैठा गया था। कुछ देर बाद वहां एक युवक आया और बात करने लगा। इसी बीच अन्य युवक रुपयों सहित पेंट उठाकर भाग गया। चोरी का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हॉस्पिटल में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगाले तो चोरी करने वाले के साथ दो और बदमाश दिख रहे हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश जालौन निवासी छोटे सिंह कुशवाह पुत्र गोपीचरण कुशवाह जयपुर राजस्थान में चाट का व्यवसाय करते हैं। कुछ दिन पहले उनके पिता गोपीचरण की तबीयत खराब हुई। डॉक्टर को चेक कराया तो उन्होंने

किडनी में खराबी आने पर उन्हें उपचार के लिए बिड़ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। रविवार को गोपीचरण का ऑपरेशन होना था। छोटे सिंह का भाई आनंद कुशवाह घर से ऑपरेशन के लिए पैसे लेकर आए थे। कुछ पैसे अस्पताल में जमा कराने के बाद 80 हजार रुपए छोटे सिंह ने अपनी जेब में ही खर्चे व दवाओं के लिए रखे हुए थे। रविवार दोपहर वह अस्पताल परिसर में लगे नल पर नहाने के लिए पहुंचे तो एक युवक उनके भाई आनंद को चकमा देकर पेंट उठाकर भाग निकला। नकदी व पेंट को ले जाते देखकर आनंद ने शोर मचाया, लेकिन युवक भाग गया । घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

CCTV फुटेज में दिखे तीन बदमाश: मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद अस्पताल में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे खंगाले तो वारदात को अंजाम देते हुए चोर दिखे हैं। फुटेज के मुताबिक बदमाशों की संख्या तीन थी। एक बदमाश बाइक स्टार्ट कर खड़ा था, जबकि एक ने आनंद को बातों में उलझाया और तीसरा उनका पेंट लेकर भाग गया। पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

काफी देर से थे फिराक में: वारदात को अंजाम देने आए बदमाश काफी देर से आनंद पर निगाह रखे हुए थे और जैसे ही छोटे सिंह नहाने गया उन्होंने वारदात को अंजाम दे दिया। इस घटना के संबंध में थाना प्रभारी गोला का मंदिर ने बताया है कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। फुटेज में दिख रहे संदेहियों की तलाश की जा रही है।

सुसाइड नोट में पीएम से अंतिम इच्छा पूरा करने का अनुरोध

ग्वालियर। अच्छा डांसर बनने में विफल होने पर 16 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। किशोर ने अपने सुसाइड नोट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उसकी अंतिम इच्छा पूरा करने का अनुरोध किया है। उसकी अंतिम इच्छा है कि गायक अरिजीत सिंह द्वारा गाया गीत और नेपाली कलाकार सुशांत खत्री द्वारा कोरियोग्राफ किया गया डांस वाला एक म्यूजिक वीडियो बनाया जाए। झांसी रोड थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव नयन शर्मा ने बताया कि ग्वालियर शहर के कैंसर अस्पताल क्षेत्र के निवासी 11वीं कक्षा के छात्र ने रात को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने कहा कि किशोर द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट उसके शव के साथ मिला है जिसमें उसने कहा है कि वह एक अच्छा डांसर नहीं बन सका क्योंकि उसके परिवार और दोस्तों ने उसका साथ नहीं दिया।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कला उत्सव 2021 आयोजित

ग्वालियर। शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार विद्यालय में विद्यालय स्तर पर कला उत्सव 2021 की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीप्ति गौड़ साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी ने बताया कि कला उत्सव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, की वर्ष 2015 से एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना, उसे पोषित करना, प्रस्तुत करना और शिक्षा में कला को बढ़ावा देना है। शिक्षा मंत्रालय माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में सौंदर्यबोध और कलात्मक अनुभवों की आवश्यकता और इसके द्वारा विद्यार्थियों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता का ज्ञान प्रदान करने को मान्यता देता रहा है। कला शिक्षा (संगीत, नाटक, नृत्य, दृश्य कलाओं एवं ललित कलाओं) के संदर्भ में की जा रही यह पहल राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा- 2005 की अनुशंसाओं पर आधारित है।

विद्यालय के 9वीं, से 12वीं कक्षा के 40 विद्यार्थियों ने कला उत्सव, 2021 में भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी । लोक कला पर आधारित सुंदर चित्रकारी की एवं मूर्ति कला का प्रदर्शन किया । चयनित विद्यार्थी एक बालक एक बालिका विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जो कि 13 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री जे पी मौर्य ने की । एवं संचालन डॉ.दीप्ति गौड़ ने किया। इस अवसर पर श्रीमती रेखा मुले, पी. श्रीवास्तव, मुकेश जाटव, श्रीमती प्रतिभा भदौरिया, चित्रा दामले, श्रीमती स्वीटी राजावत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे ।

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागी हेतु पुरस्कार: प्रत्येक विजेता (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) को नकद पुरस्कार, ट्रॉफ़ी और एक मेडल प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक कला रूप में पुरस्कार राशि निम्नलिखित है-

प्रथम पुरस्कार 25,000/
द्वितीय पुरस्कार 20,000/
तृतीय पुरस्कार 15,000/

शहर का तेजी से विकास करना ही हमारा दृढ़ संकल्प है: प्रभारी मंत्री सिलावट

आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा आपका सेवक: ऊर्जा मंत्री तोमर

ग्वालियर। हजीरा से किलागेट और किलागेट से फूलबाग तक सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। इन मार्गों पर डिवाइडर, आधुनिक लाईट और पानी की निकासी के लिए नालियां भी निर्मित की जायेंगीं। इसके बन जाने से आम लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधायें मिलेंगीं। लगभग 11 करोड़ रूपए की लागत से इन सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में सड़क का भूमिपूजन समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि ग्वालियर में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। अमृत योजना के तहत पूरे शहर में पानी और सीवर की लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। इसके साथ ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ ही पेयजल टंकियों का निर्माण कार्य भी हुआ है। इस परियोजना का पूरा कार्य 31 दिसम्बर तक कर लिया जाएगा। इसके पूर्ण होने से लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ सीवर

की समस्या से स्थायी निदान भी मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत भी ग्वालियर में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इनके पूर्ण होने पर ग्वालियर की तस्वीर बदली-बदली नजर आयेगी।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि यहां के लोगों ने एक झुझारू जनप्रतिनिधि चुनकर भेजा है। उनका प्रतिनिधि प्रद्युम्न सिंह तोमर विकास के कार्यों के लिये सतत प्रयास करता रहा है। उसके प्रयासों से ग्वालियर विधानसभा में अनेक कार्य पूरे हुए हैं और अनेक कार्य कार्यशील भी हैं। मंत्री श्री सिलावट ने इस मौके पर यह भी बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से ग्वालियर में हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है। अब ग्वालियर के लोग देश के अनेक शहरों में सीधे हवाई यात्रा का लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आपका सेवक आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। ग्वालियर विधानसभा में नागरिकों को मूलभूत सुविधायें मिलें, इसके लिए सभी कार्य किए जायेंगे। सड़कों के संधारण का कार्य और नई सड़कों के निर्माण का कार्य भी तेजी के साथ किया जाएगा। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि हमारे लिये यह प्रसन्नता की बात है कि हमारे ही विधानसभा क्षेत्र में अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड का निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। इनके पूर्ण होने तक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुविधायें लोगों को मिलने लगेंगीं।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि अमृत परियोजना का कार्य भी शीघ्र पूर्ण होने जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से भी लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी और सीवर समस्या का स्थायी निदान भी होगा। ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में पार्कों के विकास के लिये भी तेजी के साथ कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हजीरा अस्पताल के आधुनिकीकरण का कार्य किया गया है। हजीरा अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है। अस्पताल के आधुनिकीकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य की सभी आधुनिक सुविधायें यहां मिलेंगीं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478